

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 22 अप्रैल 2025 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-024 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### प्रत्येक नागरिक बने प्रकृति का प्रहरी: मुख्यमंत्री

**रायपुर,22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए धरती के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए जन-सहभागिता का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक विविधता से भरपूर प्रदेश है। यहाँ की संस्कृति, आजीविका और जीवनशैली सीधे तौर पर प्रकृति से जुड़ी है। इसी भावना के साथ राज्य सरकार वृक्षारोपण, जल-संरक्षण, नदी-नालों का पुनर्जीवन, सामुदायिक वन प्रबंधन और पर्यावरणीय रूप से संतुलित औद्योगिक विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं में पर्यावरण संरक्षण को एक केन्द्रीय तत्व बनाया गया है, ताकि प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाते हुए आर्थिक प्रगति को सुनिश्चित किया जा सके। स्थानीय समुदायों को भी इन प्रयासों से जोड़ा जा रहा है, जिससे उनका जीवन स्तर सुधरे और प्राकृतिक धरोहरें भी सुरक्षित रहें। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति एक वृक्ष लगाए, उसकी देखभाल करे और अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प ले। जल और ऊर्जा जैसे संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें तथा हरसंभव अक्षय ऊर्जा का प्रयोग कर पृथ्वी को प्रदूषण-मुक्त बनाने में योगदान दें।

### विमानन कंपनियों पर टैक्स चोरी का आरोप

**नई दिल्ली,22 अप्रैल।** आयकर विभाग ने इंडिगो समेत तीन घरेलू एयरलाइन कंपनियों और उनसे जुड़ी 15 अंतरराष्ट्रीय विमान पट्टे पर देने वाली कंपनियों को 1,500 करोड़ रुपए का कर नोटिस भेजा है. आयकर विभाग ने उन पर आयरलैंड में बनाई गई कागजी कंपनियों (शेल कंपनियों) के जरिए कर चोरी का आरोप लगाया है. ये नोटिस अक्टूबर 2024 और मार्च 2025 में भेजे गए थे. कर चोरी का यह मामला वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 से जुड़ा है. दरअसल, कर अधिकारियों का कहना है कि एयरलाइनों ने विमान पट्टे पर देने के लिए आयरलैंड में एसपीवी/एसपीसी (स्पेशल परपज व्हीकल) नाम से शेल कंपनियां बनाईं, जिनका वास्तव में कोई कारोबार, कार्यालय या कर्मचारी नहीं है. इनका एकमात्र उद्देश्य आयरलैंड और भारत के बीच कर संधि (डीटीएए) का फायदा उठाकर भारत में करों का भुगतान करने से बचना था. हालांकि, कंपनियों ने कहा है कि यह गलत है और वे इसे कोर्ट में चुनौती देंगी. वहीं, आयरलैंड सरकार ने भी अपने पट्टेदारों का बचाव करते हुए कहा है कि उनकी कंपनियों को शेल कहने के आरोप गलत हैं. वे असली कंपनियां हैं.

### पीएम मोदी 2 दिन के सऊदी अरब दौरे पर रवाना

**नई दिल्ली,22 अप्रैल।** पीएम नरेंद्र मोदी आज से सऊदी अरब के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने स्पेशल विमान से थोड़ी देर में सऊदी अरब के लिए रवाना हो गए हैं। उनके तीसरे कार्यकाल में यह पहली सऊदी यात्रा है। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने पीएम मोदी को सऊदी आने का न्योते दिया



था। मोदी 22 अप्रैल को सऊदी के जेद्दाह शहर पहुंचेंगे। इसके बाद क्राउन प्रिंस से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच योग, मीडिया और खेल समेत कई मामलों को लेकर MoU साइन हो सकते हैं। सऊदी अरब रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मैं जेद्दा, सऊदी अरब के लिए रवाना हो रहा हूँ. मैं यहां कई बैठकों और कार्यक्रमों में भाग लूँगा। भारत, सऊदी अरब के साथ हमारे ऐतिहासिक संबंधों को महत्व देता है. पिछले एक दशक में द्विपक्षीय संबंधों को काफी गति मिली है। मैं रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी बैठक में भाग लेने के लिए उत्सुक हूँ। वहाँ भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करूँगा।

## सुप्रीम कोर्ट पर फिर भड़के उपराष्ट्रपति धनखड़

# संसद सर्वोच्च, इससे ऊपर कोई नहीं

नई दिल्ली,22 अप्रैल। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने फिर सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद सर्वोच्च है। इससे ऊपर कोई नहीं है। संसद से पारित कानूनों को शीर्ष न्यायालय चुनौती नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा कि संसद और संविधान कैसा होगा, यह तय करने का अंतिम अधिकार सांसदों के पास है। बता दें कि पिछले दिनों भी उपराष्ट्रपति ने कार्यपालिका और विधायिका में न्यायपालिका (सुप्रीम कोर्ट) के हस्तक्षेप पर नाराजगी जताई थी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर भारत के संविधान में निर्धारित शासन व्यवस्था के ढांचे के भीतर न्यायपालिका की भूमिका और उसकी सीमाओं पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संसद सर्वोच्च है और प्रतिनिधि (सांसद) यह तय करने का अंतिम अधिकार रखते हैं कि संविधान कैसा होगा, उनके ऊपर कोई भी नहीं हो सकता। राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान के बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए। संविधान क्या होगा? इसे अंतिम रुप से तय करने वाले निर्वाचित प्रतिनिधि हीं होंगे और इससे ऊपर कोई अथॉरिटी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि संसद सुप्रीम संस्था है। उपराष्ट्रपति ने अपने नए संबोधन में कहा है कि संविधान के पद औपचारिक या सजावटी हो सकते हैं। मेरे हिसाब से नागरिक सर्वोच्च है। हर किसी की अपनी भूमिका होती है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने



यह भी कहा कि लोकतंत्र में बातचीत और खुली चर्चा बहुत जरूरी है। अगर सोचने-विचारने वाले लोग चुप रहेंगे तो इससे नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा, ÷संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को हमेशा संविधान के मुताबिक बोलना चाहिए. हम अपनी संस्कृति और भारतीयता पर गर्व करें। देश में अशांति, हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना सही नहीं है। जरूरत पड़ी तो सख्त कदम भी उठाने चाहिए। उपराष्ट्रपति ने एक बार फिर संविधान कोर्ट की आलोचना की और सुप्रीम कोर्ट द्वारा संविधान की प्रस्तावना को लेकर व्याख्याओं में असंगति पर सवाल उठाया। जगदीप धनखड़ ने कहा, ÷एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रस्तावना संविधान का हिस्सा नहीं है (गोलकनाथ मामला) दूसरे मामले में उसने कहा कि यह संविधान का हिस्सा है (केशवानंद भारती)। बता दें कि गोलकनाथ केस में संसद अनुच्छेद 368 के तहत मौलिक अधिकारों को संशोधित या समाप्त नहीं कर सकती, क्योंकि मौलिक अधिकार संविधान का अभिन्न हिस्सा हैं। यानी कि संसद को मौलिक अधिकारों में कटौती करने का अधिकार नहीं है। केशवानंद भारती केस में सर्वोच्च न्यायालय की 13 जजों की संविधान पीठ ने 7:6 के बहुमत से फैसला दिया कि संसद अनुच्छेद 368 के तहत संविधान के किसी भी हिस्से को संशोधित कर सकती है, लेकिन यह संविधान की मूल संरचना को नष्ट नहीं कर सकती।

## बच्चों की तस्करी मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त, दिए निर्देश

नई दिल्ली,22 अप्रैल। दिल्ली में नवजात बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह के मामले में स्वत संज्ञान लेने के कुछ दिन बाद, सुप्रीम कोर्ट ने जांच अधिकारी को निर्देश दिया कि वह गिरोह के सरगना को गिरफ्तार करने और किडनैप किए गए बच्चों का पता लगाने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाएं. अदालत ने यह भी कहा कि स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है. इसके अलावा, कोर्ट ने अधिकारी को आगे की जांच की प्रगति के बारे में जानकारी देने के लिए चार हफ्ते का समय निर्धारित किया है. कोर्ट ने पहले दिल्ली पुलिस के जांच अधिकारी को निर्देश दिया था कि वह अदालत में उपस्थित होकर यह स्पष्ट करें कि दिल्ली के भीतर और बाहर बाल तस्करी के बड़े नेटवर्क की जांच के लिए कौन-कौन से उपाय किए गए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में व्यक्त किया कि यह एक अत्यंत गंभीर स्थिति है. यह अनिश्चितता है कि वे किस दिशा में बढ़ सकते हैं. यदि यह किसी लड़की से संबंधित है, तो यह स्पष्ट है कि उसकी स्थिति क्या हो सकती है. कोर्ट ने इसे अत्यंत चौंकाने वाला मानते हुए सवाल किया कि कुल कितने बच्चे लापता हैं? कोर्ट ने निर्देश दिया कि



लापता बच्चों की खोज की जाए और इसके लिए उन्हें कुछ समय दिया गया है. इसके साथ ही, कोर्ट ने अधिकारी के बयान को भी दर्ज किया, जिसमें कहा गया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, और यह भी बताया गया कि 3 बच्चों को उनके माता-पिता ने ही खोज निकाला है. कोर्ट ने जांच अधिकारी को निर्देश दिया कि गिरोह के नेता से पूछताछ करने पर उन्हें उसके नेटवर्क के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त होगी. बच्चों की बिक्री और खरीद में शामिल सभी व्यक्ति आरोपी माने

## मुंबई में टेक्सटाइल और स्टील उद्योग के कार्यक्रमों में साय होंगे शामिल

**रायपुर,22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 23 और 24 अप्रैल को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आयोजित वस्त्र एवं इस्पात उद्योग के दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजनों में शामिल होंगे. मुख्यमंत्री साय इन अवसरों पर राज्य की नई औद्योगिक नीति, निवेश की संभावनाएं और अधोसंरचना विकास के विजन को देशभर के उद्योगपतियों एवं नीति निर्माताओं के समक्ष प्रस्तुत करेंगे. ये आयोजन मुंबई के गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्ज़ीबिशन सेंटर में होंगे. मुख्यमंत्री साय 23 अप्रैल को CMAI Fab Sho2 में भाग लेंगे, जिसे क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया है. यह शो देश के वस्त्र उद्योग से जुड़े दिग्गजों का प्रमुख प्लेटफॉर्म है, जहां उत्पादन, निर्यात और ब्रांडिंग से जुड़े प्रतिष्ठित प्रतिनिधि शामिल होते हैं. मुख्यमंत्री इस मंच से छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में वस्त्र उद्योग के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाओं, प्रोत्साहनों और निवेश के अवसरों की जानकारी साझा करेंगे. इस दौरान कुछ प्रमुख कंपनियों के साथ निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर की भी संभावना है. मुख्यमंत्री साय 24 अप्रैल को इंडिया स्टील 2025 के उद्घाटन



समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति के तहत इस्पात उद्योग के लिए विकसित अधोसंरचना, नवाचार, और दीर्घकालिक योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे. इसी दिन छत्तीसगढ़ राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन भी होगा, जिसमें मुख्यमंत्री संभावित निवेशकों के साथ सीधी बातचीत करेंगे. इस बैठक में औद्योगिक क्लस्टर्स, लॉजिस्टिक सपोर्ट, सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम, और अनुकूल श्रमिक नीति जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी.

## देश में झूठ बोलने का ट्रेंड चल रहा : सुप्रिया श्रीनेत

**रायपुर,22 अप्रैल।** आजकल देश में झूठ बोलने का ट्रेंड चल पड़ा है. जोर-जोर से झूठ बोला जा रहा है, इसलिए अब सच बोलने के लिए भी उतनी ही जोर से हुंकार भरने की ज़रूरत है. यह बात नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस का पक्ष रखने रायपुर पहुंची पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कही. रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा के दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने बताया कि नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर देशभर में कांग्रेस द्वारा प्रेस वार्ताएं की जा रही हैं, जिससे सच को जनता के सामने रखा जा सके. सुप्रिया श्रीनेत ने चर्चा के दौरान प्रदेश की भाजपा सरकार पर भी हमला बोला है. उन्होंने कहा कि




उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर घंटे औसतन पांच नाबालिगों के साथ दुराचार की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो बेहद चिंता का विषय है. वहीं साय मंत्रिमंडल के विस्तार पर कहा कि यह भाजपा नेताओं का आपसी मामला हो सकता है, लेकिन इसका असर साफ तौर पर प्रशासनिक व्यवस्था पर दिखाई दे रहा है, जो पूरी तरह ठप नजर आ रही है.

### दिव्यांग बच्चे पर कमेंट, विवाद में घिरे समय रैना

**मुंबई,22 अप्रैल।** शो इंडियाज गॉट लेटेंट को लेकर हुआ बवाल पूरी तरह थमा नहीं था कि अब कॉमेडियन समय रैना एक नए विवाद में घिर गए हैं. दिव्यांग बच्चे पर कमेंट करने के चलते सुप्रीम कोर्ट में समय रैना के खिलाफ याचिका दाखिल कराई गई है. NGO 'क्योर SMA फाउंडेशन ऑफ इंडिया' ने समय रैना पर स्पाइनल मस्क्यूलर अट्रॉफी से पीड़ित एक नवजात का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया है. बता दें कि जस्टिस सूर्याकांत और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने मामले को गंभीरता से लिया है. जिसके बाद NGO 'क्योर एसएमए फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की वरिष्ठ वकील को एक औपचारिक याचिका दायर करने को कहा गया. इस मामले में कोर्ट ने कहा कि यह बहुत गंभीर मुद्दा है. यह देखकर हम सच में परेशान हैं. जिन वीडियो की बात की जा रही है यदि आपके पास वो क्लिपिंग है तो उसे रिपोर्ड में लेकर आएं. इससे संबंधित लोगों को शामिल करेंगे. फिर उपाय बताएंगे कि क्या करना है.

## यूपीएससी के नतीजे जारी,शक्ति दुबे टॉपर

नयी दिल्ली 22 अप्रैल 2025। संघ लोक सेवा आयोग ने बहुप्रतीक्षित सिविल सेवा परीक्षा 2024 का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। इस वर्ष परीक्षा में शक्ति दुबे ने पहला स्थान प्राप्त कर टॉप किया है। कुल 1132 पदों के लिए जारी की गई इस परीक्षा में लाखों अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। टॉप 10 में इस बार कई महिला उम्मीदवारों ने भी जगह बनाकर प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। संघ लोक सेवा आयोग ने 22 अप्रैल 2025 को सिविल सेवा परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम upscकी आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर देख सकते हैं। आयोग ने यह परीक्षा भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय विदेश सेवा समेत अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं में नियुक्तियों के लिए आयोजित की थी। इस वर्ष परीक्षा में शक्ति दुबे (रोल नंबर 10240782) ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर हर्षिता गोयल, तीसरे पर डोंगरे अर्चित पराग और चौथे स्थान पर शाह मार्गी चिराग रहे। टॉप 10 में अन्य प्रतिभाशाली उम्मीदवारों के नाम हैं.5. आकाश गर्ग,6. कोमल पुनिया,7. आयुषी बंसल,8. राज कृष्ण झा,9. आदित्य विक्रम अग्रवाल,10. मयंक त्रिपाठी

## शरबत जिहाद वाले सभी विज्ञापन हटाएंगे: रामदेव

**नई दिल्ली,22 अप्रैल।** योग गुरु और पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक बाबा रामदेव ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में आश्वासन दिया कि वह 'हमदर्द' के रूह अफजा पर अपनी कथित ''शरबत जिहाद'' टिप्पणी से संबंधित वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट तुरंत हटा लेंगे। उनका यह बयान अदालत की उस टिप्पणी के तुरंत बाद आया है जिसमें कहा गया है कि रामदेव का यह बयान अनुचित है और इसने अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। 'हमदर्द' के वकील ने उच्च न्यायालय को बताया कि हाल में पतंजलि के गुलाब शरबत का प्रचार करते हुए रामदेव ने दावा किया था कि 'हमदर्द' के 'रूह अफजा' से अर्जित धन का उपयोग मदरसे और मस्जिद बनाने में किया गया। बाद में रामदेव ने अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने किसी ब्रांड या समुदाय का नाम नहीं लिया। रामदेव की 'पतंजलि फूड्स लिमिटेड' के खिलाफ 'हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया' की याचिका पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कहा, ''इसने अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। यह उचित नहीं है। आप (रामदेव के वकील) अपने मुवक्किल से निर्देश लें, अन्यथा सख्त आदेश दिया जाएगा।'' 'हमदर्द' का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह मामला अपमान से परे है। उन्होंने कहा कि यह ''सांप्रदायिक विभाजन'' पैदा करने का मामला है। रोहतगी ने कहा, ''यह नफरत फैलाने वाला भाषण है। वह (रामदेव) कहते हैं कि यह ''शरबत जिहाद'' है। उन्हें अपने काम से मतलब रखना चाहिए। वह हमें क्यों परेशान कर रहे हैं?'' कुछ समय बाद मामले की सुनवाई फिर से शुरू होने पर रामदेव के वकील ने कहा कि वह अपने विवादास्पद बयानों से संबंधित सभी प्रिंट या वीडियो प्रारूप के विज्ञापन और सोशल मीडिया पोस्ट तुरंत हटा लेंगे। अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर के बयान को रिकॉर्ड में दर्ज किया और रामदेव से पांच दिनों के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा कि वह भविष्य में प्रतिस्पर्धियों के उत्पादों के संबंध में ऐसा कोई बयान, विज्ञापन या सोशल मीडिया पोस्ट जारी नहीं करेंगे।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़

**बीजापुर,22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। निलामसराई और धोबे पहाड़ के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ आज 22 अप्रैल को सुबह करीब 7 बजे से जारी है। इस बीच दोनों ओर से क्रॉस फायरिंग जारी है। बताया जा रहा है कि बीजापुर के उसूर थाना क्षेत्र के जंगलों में पुलिस जवान सुबह के समय सर्चिंग पर निकले थे। इसी बीच नक्सलियों ने अचानक से उन पर हमला कर क्रॉस फायरिंग शुरू कर दी। तुरंत एक्टिव हुए जवानों ने मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई में फायरिंग शुरू कर दी। बीजापुर के उसूर थाना क्षेत्र के धोबे पहाड़ जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ चल रही है। जहां से गोलियों की आवाज इतनी तेज है कि उसकी गूंज उसूर कस्बे तक सुनाई दे रही है। हालांकि अभी तक अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं इलाके से नक्सल के खात्मे के लिए जवानों का ऑपरेशन जारी है। इलाके में आए दिन मुठभेड़ से नक्सली डरे हुए हैं। सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि सुरक्षा बलों की टीम गश्त पर थी, तभी जंगल में नक्सलियों से आमना-सामना हो गया। इस मुठभेड़ में किसी तरह की जनहानि या घायल जवानों की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। जल्द ही आज देर शाम तक इस पर इनपुट आने वाले हैं।

## रायपुर में अवैध शराब बिक्री और नकली होलोग्राम रैकेट का भंडाफोड़

### ढाबा संचालक और प्रिंटर्स मालिक गिरफ्तार

**रायपुर,22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आबकारी विभाग ने अवैध शराब बिक्री और नकली होलोग्राम के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है. टाटीबंध वृत्त की सहायक जिला आबकारी अधिकारी जेबा खान के नेतृत्व में बी.एच. ढाबा, ग्राम तेंदुआ और बीरगांव के लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में छापेमारी की गई, जिसमें ढाबा संचालक सकंटमोचन सिंह उर्फ शंकर सिंह और श्री गणेश प्रिंटर्स के मालिक गणेश चौरसिया को गिरफ्तार किया गया. दोनों के खिलाफ धारा 318 और 336(3) BNS के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है. 20 अप्रैल 2025 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर



आबकारी विभाग की टीम ने बी.एच. ढाबा, टाटीबंध बायपास रोड, तेंदुआ में छापा मारा. छापेमारी में ढाबा संचालक सकंटमोचन सिंह के कब्जे से 105 ढक्कन (वेलकम डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड, बिलासपुर अंकित), 3 ढक्कन (छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज लिमिटेड, कुम्हारी अंकित), 165 स्पंज वाइजर, 1150 शोले मसाला देशी मंदिरा स्टीकर, और 35 होलोग्राम शीट्स में 1460 नकली होलोग्राम बरामद किए गए. सकंटमोचन सिंह इन सामग्रियों के लिए कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका. पूछताछ में सकंटमोचन सिंह ने बताया कि नकली होलोग्राम और लेबल बीरगांव के लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में स्थित श्री गणेश प्रिंटर्स से प्राप्त किए गए. इसके बाद आबकारी टीम ने गणेश चौरसिया की दुकान पर छापा मारा, जहां 371 शीट्स में 40,068 नकली होलोग्राम (हल्का नीला रंग), होलोग्राम बनाने में प्रयुक्त पेन ड्राइव, और लेन-देन से संबंधित मोबाइल फोन बरामद किया गया. गणेश चौरसिया भी कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सका. आबकारी विभाग के अनुसार, बरामद नकली होलोग्राम शासकीय मुद्रणालय द्वारा निर्मित सुरक्षा होलोग्राम की प्रतिकृति थे, जो देशी मंदिरा की बोतलों पर लगाए जाते हैं. दोनों आरोपियों ने इन नकली होलोग्राम, लेबल, और ढक्कनों का उपयोग कर शराब की अवैध बिक्री और शासन के साथ धोखाधड़ी की.

## संविधान का जितना मजाक कांग्रेस ने उड़ाया, किसी और ने नहीं : विजयवर्गीय

**रायपुर,22 अप्रैल।** मध्यप्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान पर कहा कि संविधान का उपयोग कांग्रेस राजनीति के लिए कर रही है. अगर कांग्रेस संविधान के अनुरूप चली होती तो ये दुर्दशा नहीं होती. संविधान का जितना मजाक कांग्रेस ने उड़ाया, उतना किसी ने नहीं किया.भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के सम्मान में आयोजित राजनांदगांव में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे रायपुर पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि संविधान बचाओ अभियान के लिए कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जो अपनी जेब में संविधान की किताब लेकर घूम रहे हैं, मूल उसमें है क्या? उन्होंने कहा कि संविधान की धज्जियां कांग्रेस ने उड़ाई है, आपातकाल लगाया, और जब यूपीए की सरकार थी तब उनके नेता ने बिल की कॉपी फाड़ी थी. अब वहीं नेता देश के संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ विदेश में बयान दे रहे हैं. इससे क्या देश का सम्मान बढ़ेगा. चुनाव प्रणाली पर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के सवाल उठाए जाने पर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जहां जीत होती है, वहां



सवाल नहीं है. जहां हारे वहां सवाल उठाना है. कांग्रेस का दोहरा चरित्र है, जनता इसे समझ रही है. इसलिए कांग्रेस को हर जगह नकार रही है. वहीं एक देश, एक चुनाव पर JPC की बैठक को लेकर कहा कि यह सिस्टम बहुत जरूरी है. इससे देश का पैसा बचेगा, समय बचेगा. देश का विकास होगा, हम सभी चाहते है एक साथ चुनाव हो.

वहीं 'प्रदेश में चल रही गांधी की आंधी' बयान पर वाले पीसीसी चीफ दीपक बैज को घेरते हुए विजय वर्गीय ने कहा कि कौन से गांधी की बात कर रहे हैं? जो ठीक तरीके से हिंदी में गांधी भी नहीं लिख पाते, या उस गांधी की, जिन्होंने देश के गरीबों की व्यथा को समझा. उस गांधी की, जो छुट्टी मनाने थाईलैंड जाते हैं, या उस गांधी की, जो गाय की सेवा करते थे.

## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद में पहली बार महिला अध्यक्ष पद पर चयनित

# बराबरी की सहभागिता के साथ अब जिम्मेदारी भी

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

jasclaudius@gmail.com

मानव सभ्यता के आरंभ से ही समाज के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों ने अपनी धाक जमाई थी लेकिन समय के परिवर्तन के साथ महिलाओं ने भी अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया और आज वे अपने परिवार, समाज में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। खेलकूद की दुनिया में स्त्रियों ने अपने आपको अपनी प्रतिभा के दम स्थापित किया। एथेंस में सम्पन्न पहले आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 1896 में बिना किसी महिला खिलाड़ी के हुआ लेकिन महिलाओं ने 1900 से लगातार इन खेलों में भाग लेना आरंभ किया।

पहली महिला एथलीट के रूप में 1900 के पेरिस ओलंपिक खेलों में टेनिस खिलाड़ी चारलेट कूपर का नाम दर्ज है। इसी तरह ओलंपिक खेलों की पहली महिला विजेता प्रतिभागी के रूप में स्वीट्जरलैंड की पाल नौकायन की खिलाड़ी हेलेन ही पोर्टाल्स का नाम अंकित है। 1900 के पेरिस ओलंपिक खेलों में 11 महिला प्रतिभागी सम्मिलित हुए थी और तब इन खेलों में भाग लेने वाली महिलाओं का प्रतिशत 2.2 था। बीसवीं सदी के बाद अब सन् 2024 पेरिस तक महिलाओं व पुरुषों के इन खेलों में शामिल होने का प्रतिशत निरंतर बढ़ता चला गया और कुल 11215 में से महिलाओं की संख्या 5503 तथा पुरुषों की संख्या 5712 हुई। समय के परिवर्तन के साथ साथ महिलाओं ने ओलंपिक खेलों के 28 प्रमुख खेलों में भाग लिया और 2024 तक 20 मिश्रित पदकों का फैसला होने लगा है। जिस तरह महिलाओं ने खेलकूद के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। विश्व पटल में विभिन्न परिवर्तनों के साथ शिक्षा ने महिला जागरूकता के लिए अनेक दिशा दे दी। खेलकूद स्पर्धाओं में स्त्रियों के प्रदर्शन ने जहां पूरी दुनिया को हतप्रभ कर दिया वहीं विभिन्न देशों के ओलंपिक परिषद में महिला प्रतिनिधियों ने स्थान बनाना आरंभ किया। महिलाओं को खेलकूद में आगे बढ़ाने के लिए जरूरी था कि विभिन्न देशों के ओलंपिक परिषदों में महिला प्रतिनिधियों की संख्या बढ़े। 1981 में पहली बार वेनेजुएला की फ्लोर आइसावा-फोंसेका तथा



फिनलैंड की पीरजो हगमेन को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद की सदसया बनाया गया। फिलहाल 79 देशों की 115 महिलाएं आईओसी की सदस्य हैं जिनमें भारत के ओलंपिक समिति की अध्यक्ष पीटी उषा भी शामिल हैं। 2011 में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओसी) के 106 में से सिर्फ 20 प्रतिनिधि महिलाएं थी लेकिन 2023 में 107 सदस्यों में से 41.1 प्रतिशत याने 44 प्रतिनिधि के पद पर महिलाओं का कब्जा है। इसमें भारत की महान समाज सेविका नीता अंबानी भी शामिल है। इतना सब कुछ प्रगति करने के पश्चात 24 जून 1894 को गठित आईओसी की अध्यक्षता कभी भी महिला द्वारा नहीं किया गया था परंतु आईओसी के 130 वर्षों के इतिहास में पहली बार यूनान में 18 से 21 मार्च 2025 तक सम्पन्न 144वें सत्र में एक महिला जिबाब्वे की क्रिस्टी कोवेंट्री को अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने अपने छः पुरुष प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करके यह गौरव प्राप्त किया। इसके साथ ही अफ्रीका महाद्वीप से किसी महिला या पुरुष को पहली बार आईओसी के अध्यक्ष बनने का अवसर मिला। आईओसी के 10वें अध्यक्ष के रूप में क्रिस्टी को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती 2036 के ओलंपिक खेलों के मेजबानी का दावा करने वाले देशों का निष्पक्ष चयन करवाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2036 में भारत में ओलंपिक खेल आयोजित करवाने के लिए जीतोड़ कोशिश शुरू कर दी है। आने वाले समय में भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक के प्रमुख 28 खेलों में शानदार प्रदर्शन दिखाना होगा। इसके अलावा क्रिस्टी को विभिन्न देशों के आपसी विवाद के कारण खेल व खिलाड़ी प्रभावित न हो सके इसके लिए वातावरण तैयार करने की जरूरत पड़ेगी।

### पुरी जगन्नाथ मंदिर 23 को 5 घंटे के लिए रहेगा बंद

**पुरी.** पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में कल बुधवार को पवित्र त्रिमूर्ति- भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के बनाकलागी अनुष्ठान के कारण मंदिर 5 घंटे के लिए बंद रहेगा. रिपोर्ट्स के अनुसार, बनाकलागी अनुष्ठान दत्ता मोहपात्रा सेवकों द्वारा शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा. इस दौरान 12वीं सदी के इस पवित्र मंदिर में सार्वजनिक दर्शन 5 घंटे के लिए निलंबित रहेंगे. बनाकलागी अनुष्ठान पवित्र त्रिमूर्ति के द्वितीय भोग मंडप के समापन के बाद शुरू होगा. बनाकलागी, जिसे 'श्रीमुख श्रींगार' के नाम से भी जाना जाता है, देवताओं का एक गोपनीय अनुष्ठान है. इस अनुष्ठान के दौरान सेवक देवताओं की मूर्तियों पर प्राकृतिक रंगों से नई रंगाई करते हैं, ताकि उनका मूल स्वरूप पुनःस्थापित हो सके.

**एक नजर**

## एक्टिवा चोर गिरफ्तार



**भिलाई, 22 अप्रैल।** भिलाई चोरी की एक्टिवा को बेचने के फिराक में ग्राहक तलाशते हुए चोर को उतई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक्टिवा बरामद किया है। उतई टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि हेमराज जैन निवासी सांई कालोनी उतई ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 12 अप्रैल को 11.30 बजे अपने एक्टिवा को अमृत ट्रेडर्स किराना दुकान के पास उतई में खड़ा किया था दोपहर 3.30 बजे देखने पर एक्टिवा अपने स्थान पर नहीं था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर लिया विवेचना के दौरान सूचना मिला कि एक व्यक्ति बाबापारा उतई के पास एक्टिवा रखकर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जो भागने के फिराक में था, जिसे घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम दीपक ठाकुर (22 साल) निवासी न्यू खुर्सीपार बताया उसने वाहन को चोरी करना स्वीकार किया ।

## जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 22 अप्रैल।** भिलाई प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी पुलिस में गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ धारा 109 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि गुलाब बाई कुर्रे ने उतई थानेपुलिस में शिकायत किया था कि पति जागेन्द्र कुर्रे खाना नही बनाने की बात को लेकर विवाद किया उसके बाद आवेश में आकर घर में रखे लोहे के गैंती से महिला की हत्या करने की नियत से लगातार तीन बार वार किया घटना में पीडिया के सीने एवं बांये पैर में गंभीर चोंट आई है जिसका उपचार श्री शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भिलाई में चल रहा था जो डिस्चार्ज होने के बाद 20. अप्रेल को कुटाई पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करने पहुंची थी।



## आबकारी विभाग ने जब्त की मध्यप्रदेश निर्मित मदिरा, 1 आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग, 22 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार उपायुक्त आबकारी श्री जी.के. भगत व प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री सी.आर. साहू के मार्गदर्शन में 21 अप्रैल 2025 को गश्त के दौरान आबकारी विभाग के वृत-भिलाई क्रमांक 02 के अन्तर्गत पोलसाय पारा वार्ड नंबर 27 में अवैध शराब के परिवहन की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर एक सफेद रंग के सेंट्रो कार क्रमांक सीजी 04 एचए 1585 में 150 नग पाव गोवा (फार सेल इन मध्यप्रदेश) मदिरा जप्त किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी सुधाकर बनवासी आत्मज विश्वनाथ उम्र 48 वर्ष, निवासी संतरा बाड़ी वार्ड क्र. 26 थाना मोहन नगर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 36 के तहत प्रकरण दर्ज कर सुप्रिया शर्मा सहायक जिला आबकारी अधिकारी द्वारा आरोपी को जेल दाखिल कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री पंकज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक प्रियंक ठाकुर, आरक्षक संदीप तिर्की, आरक्षक चितेश्वरी ध्रुव, गार्ड अमित कुमार पटेल, खोमेंद्र देशमुख, ड्राइवर दुर्गा साहू का योगदान रहा।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री में प्रवेश के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव 22 अप्रैल ।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री में कक्षा 7वीं, 8वीं व 9वीं के रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा तथा कक्षा 11वीं में विद्यार्थियों को प्रवेश कक्षा 10वीं बोर्ड में प्राप्त अंकों के मेरिट आधार पर दिया जाएगा। कक्षा सातवीं में बालक के 2 व कन्या के 1, कक्षा 8वीं के बालक के 2, कक्षा 9वीं के बालक 1, कक्षा 11वीं में बालक के 7 रिक्त सीट है। प्रवेश परीक्षा में पिछली कक्षा में पढ़े हुए विषयों से 100 प्रश्न पूछे जायेंगे। जिनका योग 200 अंक होगा। प्रवेश परीक्षा एवं प्रवेश फार्म के संबंध में विस्तृत जानकारी 30 अप्रैल 2025 तक कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

## शैक्षणिक कृषक भ्रमण नागपुर के लिए किसान हुए रवाना

**राजनांदगांव 22 अप्रैल ।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने परंपरागत कृषि विकास योजनांतर्गत छुरिया विकासखंड से शैक्षणिक कृषक भ्रमण नागपुर (महाराष्ट्र) हेतु बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री संजय सिंहा, कृषि स्थाई समिति की सभापति श्रीमती उत्तराबाई निषाद, समाज सेवी श्री राजेश्वर ध्रुर्वे विशेष रूप से उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने सभी किसानों को शैक्षणिक कृषक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कृषकों को भ्रमण के दौरान नई कृषि पद्धति सीखने, टिकाऊ खेती, फसल चक्र पद्धति अपनाने एवं कम पानी लगने वाले फसलों को लगाने प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री जीपी सहादे, श्री हितेश गुप्ता, श्री सुदेश पटेल, संतोष ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषक उपस्थित थे।

# खड़ौदा में जिला पंचायत सभापति पूर्णिमा ने किया पीएम आवास योजना का सर्वे

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**कवर्धा, 22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के उद्देश्य से मोर दुआर साय सरकार महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिनो जिला पंचायत सभापति पूर्णिमा मनीराम ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम खड़ौदा में प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राहियों से मुलाकात की और उन्हें केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मोर दुआर साय सरकार महाअभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जिला पंचायत सभापति ने कहा कि मोबाइल ऐप के माध्यम से पारदर्शी तरीके से सर्वे किया जा रहा है, जिससे किसी भी पात्र हितग्राही को योजना से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और 30 अप्रैल तक अपना सर्वे जरूर कराएं। श्रीमती साहू ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने क्षेत्र के पात्र हितग्राही का प्रतीकात्मक सर्वे किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि 30 अप्रैल तक चलने वाले इस सर्वे में सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं। जो परिवार रोजगार के लिए बाहर हैं, वे भी समय निकालकर गांव लौटें और अपना सर्वे करवाएं, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। यह अभियान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीण अंचलों में आवासहीनों को पक्का मकान मिल सकेगा। इस अवसर पर लालचंद साहू दूजेराम साहू सरपंच खड़ौदा कला टीकाराम साहू कामता निर्मलकर रोजगार सहायक ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुई जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी धृतलहरे

**कवर्धा, 22 अप्रैल।** जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र घृतलहरे ग्राम रेतापारा में परमेश्वर चंद्रवंशी विहाहिक कार्यक्रम में ग्राम सोढ्हा में अमित चंद्रवंशी के वैवाहिक कार्यक्रम में सामिल होकर वर बधू को आशीर्वाद दिया । ग्राम करीमाटी यज्ञ कार्यक्रम में ग्राम मोहतरा में भागवत कार्यक्रम में ग्राम पालनसारी में यज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुई । वैवाहिक कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा और जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे ने वर वधु को आशीर्वाद दिया ।



## वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर जनपद प्रतिनिधि ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया

**कवर्धा, 22 अप्रैल।** ग्राम कामाडबरी मे गनेश श्याम के घर पहुंच जनपद अध्यक्ष के प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा साथ में पुर्व अध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम नरेश चन्द्रवंशी पूर्व जनपद सदस्य बोड़ला काशी राम ऊईके पुर्व मंडल अध्यक्ष बोड़ला भाई संतराम वर्मा उपसरपंच तरेगांव मैदान ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया ।

# भाविप 29-30 अप्रैल को करेगा सामूहिक विवाह का आयोजन



**भिलाई,22 अप्रैल।** भारत विकास परिषद द्वारा अक्षय तृतीया के दिन राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक सरल विवाह कार्यक्रम के तहत भिलाई में स्वण्भगवती प्रसाद रायका की स्मृति में अग्रसेन जन कल्याण समितिए श्री बाँके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट, भारत विकास परिषद एवं परिषद की ही महिला प्रधान इकाई नारायणी के संयुक्त तत्वावधान में 29.30 अप्रैल मंगलवार एवं बुधवार को अग्रसेन भवन सेक्टर.6,माहेश्वरी भवन सेक्टर.6 एवं राधा कृष्ण मंदिर, नेहरू नगर ,पूर्व, में संपन्न होने जा रहा है। ज्ञात हो कि देश के विभिन्न स्थानों पर प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया के दिन सामूहिक सरल विवाह आयोजित किये जाते हैंए जिसका उद्देश्य है सरलए सस्तीए संस्कारित और सुखद भावना से सकल समाज के सहयोग द्वारा निर्धन परिवारों की लड़कियों और लड़कों का विवाह गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराना। 29 अप्रैलए मगलवार को हल्दी.मेहंदी.मंगलगीतए दूल्हा दुल्हन को कपड़े और श्रृंगार समग्री वितरण तथा 30 अप्रैल,बुधवारए अक्षय तृतीया के दिन बारात हुडकोए आमदी नगर से सेक्टर 9 हनुमान मंदिर एवं अन्य मंदिर स्थानों से होते हुवे अग्रसेन भवन आएगी जहाँ वरमाला.वैदिक विधि से परिणय संस्कार और फ्रि गृह उपयोगी सामग्री तथा विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए जायेगें । इस अवसर पर अनेक परिवार विशेषकर जिनकी बेटियाँ नहीं होती हैं वे बढ़-चढ़ कर कन्यादान कार्यक्रम में तन मन धन से सहभागी बनते हैं ।

## सुशासन तिहार के अंतर्गत दिव्यांग तुलाराम को मिली ट्रायसायकल

**महासमुंद, 22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिले में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस तिहार के माध्यम से न केवल आम जनता की समस्याओं का समाधान हो रहा है, बल्कि शासन की योजनाओं का लाभ भी वास्तविक हितग्राहियों तक पहुँच रहा है।जनपद पंचायत बसना के ग्राम पंचायत जोगीपाली के ग्राम सराईपाली भुलका निवासी श्री तुलाराम पिता श्री सुकराम, जो कि अस्थिबाधित दिव्यांग हैं, उन्होंने ट्रायसायकल की मांग करते हुए आवेदन क्रमांक 25144577500018 प्रस्तुत किया था। इस आवेदन पर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के आदेश एवं उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए श्री तुलाराम को आज दिनांक 21 अप्रैल को जनपद पंचायत परिसर बसना में ट्रायसायकल प्रदान किया गया।



## भीषण गर्मी फिर भी शादी को देखते हुए मार्केट में खूब तेजी , सुबह से सैलून में भीड़

**कवर्धा, 22 अप्रैल।** भीषण गर्मी होने के कारण सुबह से ही लोग मार्केटिंग करने निकल जाते है ओर साड़ी , कमीज , पेंट , कुर्ता , धोती , कूलर , दीवान , सोफा , चूड़ी , सोने , चांदी के गहने खरीदने में परिवार व्यस्त रहता है । बिजनेसमैन कैलाश चंद्रवंशी ने कहा की सोना और चांदी की बिक्री हो रही है और ग्राहकों ने कहा की काश 6 महीने पहले सोना चांदी खरीद लेते तो सस्ता मिल जाता लेकिन क्या करे गहना जरूरी है इसलिए खरीद रहे है । कपड़ा बेचने वाले दुकानों में भी भारी भीड़ सुबह ओर देर शाम को खूब भीड़ दिख रही है बसों में भी भीड़ खूब दिख रही है जिससे बस मालिक भी खुश दिख रहे है । सैलून में ग्राहकों की भीड़ दिख रही है और ब्यूटी पार्लर में भी खूब भीड़ दिख रही है



## देवी जस झांकी प्रतियोगिता में शामिल हुए रेखराम बंछोर

**जामुल।** जामुल में स्व. श्रवण यादव की स्मृति मे दो दिवसीय विराट देवी जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि गण रेखराम बंछोर ( पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ) पार्षद वार्ड नंबर 3 श्रीमती सुनीता मधुकर राव चन्नेवार वार्ड पार्षद व उपाध्यक्ष नगर पालिका जामुल, विजय सिंग एचआर हेड एसीसी सीमेंट, हलधर साहू सांसद प्रतिनिधि, नूतन वर्मा महामंत्री बीजेपी जामुल मंडल, निशा चन्नेवार पार्षद वार्ड नंबर 8 की उपस्थिति प्रमुख रही। जय माँ शीतला जस झांकी प्रतियोगिता समिति वार्ड 12 लेबर कैंप जामुल के अध्यक्ष राजेंद्र चौहान ने सभी के सहयोग के लिए समिति की ओर से आभार प्रकट किया।

# एनडीआरएफ का प्रशिक्षण शिविर निगम भिलाई में आयोजित



**भिलाई, 22 अप्रैल ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम के सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। उद्देश्य था कि निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अप्रत्याशित रूप से आए आपदा के समय किस प्रकार से प्रारंभिक बचाव किया जाए। कोई भी समस्या बताकर नहीं आती है लेकिन सतर्कता एवं जानकारी रहने से बहुत कुछ कंट्रोल किया जा सकता है। समस्याएं कुछ प्राकृतिक होती हैं जैसे बाढ़, भूकंप, सुनामी, बिजली चमकना एवं मानव निर्मित समस्या जैसे आगजनी, दुर्घटना, हार्ट अटैक, पानी में डूबना, लू लगना इत्यादि ऐसे समय में क्या बचाव किया जाए। प्रशिक्षण में बताया गया कि अगर किसी को हृदय घात के लक्षण दिखें तो सीपीआर कैसे देना चाहिए उन्हे सर्वप्रथम देखना कि गले के नीचे सांस चल रहा है कि नहीं। यदि नहीं चल रहा तो उसे मुंह से सांस देने की प्रक्रिया, किस प्रकार से इंसान को लेटाकर छाती के नीचे हाथों से 30-30 बार दबाना इस प्रकार कुल 5 बार दबाना चाहिए। जिससे व्यक्ति को होश आने की संभावना बढ़ जाती है, उसके बाद उसे तुरंत डॉक्टर को बुलाना चाहिए। प्रारंभिक उपचार कर देने से जीवन बचने की संभावना बढ़ जाता है। इसी प्रकार यदि दुर्घटना हो जाए तो कहीं से खून बह रहा है तो उसे साफ कपड़े से डेटाल, साबुन जो भी उपलब्ध हो उससे अंदर से बाहर के तरफ साफ करके कपड़े से दबा देना चाहिए। उससे भी न रूके तो और कपड़ा लगाकर पटटी बांध देना चाहिए। यदि बिजली गिरने की संभावना है तो यह प्रयास करना चाहिए कि पानी, पेड़, विद्युत् उपकरण, मोबाईल, टीवी इत्यादि से दूर रहना चाहिए। घर सबसे सुरक्षित स्थल है, अपने आप को संकुचित करके बचा लेना चाहिए। प्रयास हो कि शरीर से जमीन का अर्थिंग न मिले। संयोग से यदि कार में बैठे हो तो उसके अंदर ही रहना चाहिए, बाहर नहीं निकलना चाहिए। घर में यदि एलपीजी सिलेंडर में आग लगे तो घबराना नहीं चाहिए। घर में कंबल को गीला करके ढक देना चाहिए। बिजली का उपकरण से शॉर्ट सर्किट हो तो सर्वप्रथम मेन कनेक्शन से कट आउट निकाल देना चाहिए। भूलकर भी पानी नहीं डालना है और हो सके तो उस पर रेत फेंकर बुझा देना चाहिए। अगर कोई पानी में डूब रहा है तो उसे बचाने के लिए रस्सी, लकड़ी या अन्य उपकरण को उसको पकड़ाकर बचाना चाहिए। सांप, कुत्ते के काटने पर घबराना नहीं चाहिए, लगभग 11 प्रकार के सांपो की प्रजाती होती है उसमें 2 प्रजाती के सांप ही जहरीले होते है, घबराहत से इंसान को ज्यादा नुकसान होता है। झाड़ फूक, बैगा आदि से बचना चाहिए। जहां तक हो सके रोगी को सम्बल प्रदान करना चाहिए। घबराहट से ही जहर फैलता है, जितना जल्दी हो सके उस जगह को ब्लड सर्कुलेशन को बांध देना चाहिए और डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के एसआई विकास शर्मा, हेड कांस्टेबल के मधुसूदन, आसदीप त्रिपाठी, दीपक डंगडन, कृष्ण कुमार द्वारा प्रदान किया गया। प्रमुख रूप से निगम आयुक्त, उपायुक्त, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता एवं सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियो से प्रेक्टीकल भी करवाया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा यह शिविर सबके लिए उपयोगी है, समाधान शिविर के दौरान नागरिकों के बीच भी यह शिविर करवाएंगे।

## छीरहा गांव में बार बार लाइट गुल होना चिंता का विषय ; आनंद चंद्रवंशी



**कवर्धा, 22 अप्रैल।** भीषण गर्मी है बार बार छीरहा गांव में बिजली गुल हो रहा है समझ से परे है इस बात की दूरभाष पर जानकारी देते हुए बिजनेसमेन आनंद चंद्रवंशी ने कहा की ना आंधी है ना तूफान है फिर भी लाइट बार बार चली जाती है । बीजेपी सरकार और विद्युत विभाग अधिकारी को इस ओर ध्यान देना चाहिए की विद्युत व्यवस्था दूरस्थ रहे है और बिजली बार बार गुल ना हो ।

# बीएसपी वर्क्स जोन के 141 कर्मचारी सेल शाबाश योजना श्रेणी-2 पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई, 22 अप्रैल** भिलाई इस्पात संयंत्र के वर्क्स क्षेत्र से जुड़े 141 कर्मियों और अधिकारियों को उत्पादन इकाइयों में उनके सराहनीय योगदान की मान्यता स्वरूप सेल शाबाश योजना श्रेणी-2 पुरस्कार प्रदान किए गए। वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित इस पुरस्कार समारोह का आयोजन 19 अप्रैल 2025 को संयंत्र भवन में किया गया, जिसमें कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री राकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित किया और उन्हें भविष्य में भी इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

ष्सेल शाबाश योजनाष् श्रेणी-2 पुरस्कार के अंतर्गत पुरस्कार विजेताओं को एक प्रशंसा पत्र के साथ 5,000 रुपये मूल्य के सेलम इस्पात संयंत्र के उत्पादों के उपहार से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष सेल शाबाश योजना श्रेणी-2 के अंतर्गत सम्मानित किए गए 141 कर्मचारियों में ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-3, एलडीसीपी, कोक ओवन एवं कोल केमिकल, टी-डी, आरएसएम, यूआरएम, पीपीसी, एमआरडी, ईएमडी, आरसीएल, बीआरएम, आरटीएस, एसपीएस, पावर फैसिलिटी, टेलिकॉम, सी एंड आईटी, एचआर, और ईडी (संकार्य) सचिवालय सहित वर्क्स जोन के लगभग सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री राकेश कुमार ने इस अवसर पर अपने संबोधन में सेल द्वारा संचालित शाबाश योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पहल कर्मचारियों को सुरक्षा, दक्षता और लागत-प्रभावशीलता को बढ़ावा देने वाले उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित कर उन्हें प्रेरित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कार्यस्थल पर सतर्कता बनाए रखने, असुरक्षित कार्यप्रणालियों की जानकारी तत्काल देने और सुरक्षा को कार्य संस्कृति का मूल आधार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि संयंत्र प्रबंधन कर्मचारियों के कल्याण के लिए विभिन्न सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है, और संयंत्र के समग्र विकास में उनकी भूमिका की सराहना करता है।इस सम्मान समारोह में संयंत्र के वर्क्स जोन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिमें मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) श्री तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएँ) श्री तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) श्री बी.के. बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (एमआरडी) श्री सुशील कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) श्री टी.के. कृष्ण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एसपीएस) श्री अनुप कुमार दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक (पावर फैसिलिटीज) श्री राजीव पांडेय, मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एंड सीसीडी) श्री तुलाराम बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरीज) श्री प्रोसेनजीत दास, मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) श्री समीर गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (बीआरएम) श्री योगेश शास्त्री, मुख्य महाप्रबंधक (पीपीसी) श्री पी.आर. भल्ला, मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-3) श्री प्रमोद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) श्री एस.के. घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक (आरएसएम एंड आरटीएस) श्री टी. दस्तिदार, मुख्य महाप्रबंधक (आरसीएल) श्री राहुल श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) श्री पी.आर. मूर्ति, एवं मुख्य महाप्रबंधक (सेफ्टी एंड फायर सर्विसेज) श्री देबदत्त सतपथी सहित अन्य विभागाध्यक्षों, वर्क्स क्षेत्र के मानव संसाधन अधिकारियों तथा कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) सचिवालय के अधिकारी शामिल थे। सभी अधिकारियों ने पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उत्कृष्ट योगदान को संयंत्र की कार्य संस्कृति के लिए प्रेरणादायक बताया।

# जनसंपर्क प्रणाली संस्था की छवि निर्माण में योगदान देती है:अमूल्य



**भिलाई, 22 अप्रैल** राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में 'एक सार्थक चर्चा' संवाद कार्यक्रम आयोजितसेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर 21 अप्रैल 2025 को 'एक सार्थक चर्चा' संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयंत्र के जनसंपर्क सभागार में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं कि उपस्थिति में संपन्न हुआ।इस अवसर पर महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क) अमूल्य प्रियदर्शी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री प्रशांत तिवारी, सहायक महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्रीमती अपर्णा चंद्रा, सहायक महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री जवाहर बाजपाई, सहायक महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन) श्री शरद निगम, सहायक महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन) श्री एम. श्रीनिवास, सहायक महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन) श्री सुभाष पटेल, उप प्रबंधक (संपर्क, प्रशासन एवं राजभाषा) श्री जितेन्द्र दास माणिकपुरी, कनिष्ठ प्रबंधक (संपर्क, प्रशासन) श्री विवेक सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क) श्री अमूल्य प्रियदर्शी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि जनसंपर्क केवल सूचना का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि यह संस्था और समाज के बीच विश्वास, संवाद और पारदर्शिता का सेतु है। उन्होंने कहा कि एक सक्षम जनसंपर्क प्रणाली संस्था की सकारात्मक छवि के निर्माण में अहम योगदान देती है।

एक नजर

## खरीफ फसलों के कार्यक्रम निर्धारण के लिए संभागीय बैठक आयोजित



**राजनांदगांव 22 अप्रैल।** कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में रबी 2024-25 की समीक्षा एवं खरीफ 2025 का कार्यक्रम निर्धारण की संभागीय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर दुर्ग श्री अभिजीत सिंह, कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा, कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी श्रीमती तुलिका प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित थे। कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने खरीफ में धान का रकबा कम करने एवं दलहन-तिलहन, लघु धान्य फसलों तथा अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन में खाद एवं बीज की कमी नहीं होना चाहिए। इसके लिए लगातार साप्ताहिक समीक्षा करें तथा सतत निगरानी करें। समय के पहले ही खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव करना सुनिश्चित करें। धान के बदले दलहन-तिलहन, मक्का, गन्ना जैसे कम पानी की खपत वाले फसलों को लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना है। खरीफ सीजन में डीएपी, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, नैनो युरिया जैसे उर्वरक की आपूर्ति होते रहे। उन्होंने कहा कि समितियों द्वारा पॉज मशीन में प्रविष्टि होते रहना चाहिए। बीज वितरण करने के पहले बीज की गुणवत्ता का परीक्षण अवश्य कराएं। अल्पकालीन ऋण अंतर्गत धान की फसल के साथ ही अन्य फसलों के लिए पर्याप्त ऋण सुनिश्चित करें। उन्होंने राजनांदगांव जिले में फसल विविधीकरण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने राजनांदगांव जिले में जल संरक्षण हेतु जल स्तर बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की।

## 'जहाँ ज्ञान हो, संस्कार हो, वहीं से राष्ट्र निर्माण की नींव पड़ती है:बृजमोहन



**राजनांदगांव, 22 अप्रैल।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल, राजनांदगांव में 19 अप्रैल को एक भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नवनिर्मित बहुउद्देशीय हॉल एवं बालक छात्रावास (200 बेड) का उद्घाटन और वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एक साथ संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव के सांसद श्री संतोष पांडे जी ने की। इस गरिमामय कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता श्री खूबचंद पारख जी, राजनांदगांव के महापौर श्री मधुसूदन यादव जी और भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत जी, श्री अभिषेक अग्रवाल जी, कुलपति, आंजनेय यूनिवर्सिटी, रायपुर, श्री आदित्य अग्रवाल जी, श्री कुलबीर सिंह सलूजा जी, श्री सुरिन्द्र सिंह कबरवाल जी, श्री संतोष कुमार जैन जी, श्री राजेंद्र कोटडिया जी, श्री राजेश तिवारी जी एवं प्रबंधकगण श्री ललित अग्रवाल जी (अध्यक्ष), श्री अतुल देशलहरा जी (सचिव) व श्रीमती राखी देशलहरा जी एवं सम्मानित अतिथियों के रूप में बी.एड् कालेज की प्राचार्या डॉ. श्रीमती गुरप्रीत कौर छाबड़ा जी एवं फार्मेसी कालेज के प्राचार्य डॉ. टेकेश्वर वर्मा जी भी उपस्थित थे।

# मुंबई में टेक्सटाइल और स्टील उद्योग के दिग्गजों से मिलेंगे सीएम साय

- **बॉम्बे एग्जाबिशन सेंटर में दो दिवसीय कार्यक्रमों में रहेंगे विशिष्ट अतिथि**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति का राष्ट्रीय मंच से होगा प्रस्तुतिकरण**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर 22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 23 और 24 अप्रैल को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आयोजित वस्त्र एवं इस्पात उद्योग के दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजनों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय इन अवसरों पर राज्य की नई औद्योगिक नीति, निवेश की संभावनाएँ और अधोसंरचना विकास के विजन को देशभर के उद्योगपतियों एवं नीति निर्माताओं के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। ये आयोजन मुंबई के गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्ज़ीबिशन सेंटर में होंगे।

**टेक्सटाइल सेक्टर के निवेशकों से संवाद**-मुख्यमंत्री साय 23 अप्रैल को CMAI Fab Sho2 में भाग लेंगे, जिसे क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (CMAI) द्वारा आयोजित किया गया है। यह शो देश के वस्त्र उद्योग से जुड़े दिग्गजों का प्रमुख प्लेटफॉर्म है, जहाँ उत्पादन, निर्यात और ब्रांडिंग से जुड़े प्रतिष्ठित प्रतिनिधि शामिल होते हैं। मुख्यमंत्री इस मंच से छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में वस्त्र उद्योग के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाओं, प्रोत्साहनों और निवेश के अवसरों की जानकारी साझा करेंगे। इस दौरान कुछ प्रमुख कंपनियों के साथ निवेश समझौतों (MoUs) पर हस्ताक्षर की भी संभावना है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होगा छत्तीसगढ़ का प्रस्तुतीकरण**-मुख्यमंत्री साय 24 अप्रैल को इंडिया स्टील 2025 के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति के तहत इस्पात उद्योग के लिए विकसित अधोसंरचना, नवाचार, और दीर्घकालिक योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे। इसी दिन छत्तीसगढ़ राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन भी होगा, जिसमें मुख्यमंत्री संभावित निवेशकों के साथ सीधी बातचीत करेंगे। इस बैठक में औद्योगिक क्लस्टर्स, लॉजिस्टिक सपोर्ट, सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम, और अनुकूल श्रमिक नीति जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

**राज्य पवेलियन में झलकेगा नया छत्तीसगढ़**-मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ स्टेट पवेलियन का भी भ्रमण करेंगे, जहाँ राज्य की औद्योगिक अधोसंरचना, नीतिगत प्रोत्साहन, और निवेश के बहुआयामी अवसरों की जानकारी मिलेगी। यह पवेलियन निवेशकों को छत्तीसगढ़ की ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**मीडिया से संवाद - बॉम्बे एग्ज़ीबिशन सेंटर में**-मुख्यमंत्री साय 23 और 24 अप्रैल को दोपहर 1 बजे बॉम्बे एग्ज़ीबिशन सेंटर में मीडिया से संवाद करेंगे। वे इस दौरे के प्रमुख उद्देश्यों, राज्य की नई औद्योगिक नीति की विशेषताओं और निवेश को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा करेंगे।

## पट्टा भूमि पर सड़क बनाने और हुक्का पानी बंद करने की शिकायत

- **कलेक्टर ने तहसीलदार को जांच के दिए निर्देश**
- **जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं, किया समाधान**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी 22 अप्रैल।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज जनदर्शन में जिले के दूरदराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उनका यथासंभव समाधान किया। उन्होंने कुकरेल तहसील के माकरदोना गांव में शासकीय पट्टे से मिली भूमि पर बीएमडब्ल्यू सड़क बनाने और आवेदकों का हुक्का-पानी बंद करने की शिकायत पर तहसीलदार को तत्काल जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज लोगों ने बैंक द्वारा बिना कारण खाता होल्ड करने, ससुराल पक्ष द्वारा घर से निकालने लेकर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कलेक्टोरेट आकर अपने आवेदन दिए। कलेक्टर और अपर कलेक्टर ने इन आवेदनों पर संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई कर सूचित करने को कहा है। कलेक्टर मिश्रा ने अति महत्वपूर्ण आवेदनों को अपने मोबाईल से फोटो लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी त्वरित कार्रवाई के लिए भेजा है।

जनदर्शन में आज कुकरेल तहसील के माकरदोना निवासी रामाधार साहू ने अपने परिजनां सहित उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई कि उनके शासकीय पट्टा की जमीन पर बिना पूछे ग्रामवासियों द्वारा बीएमडब्ल्यू रोड बना दिया गया है। शिकायत में यह भी बताया कि यह शासकीय पट्टा उनके पिता को मिला था तथा पिता की मृत्यु के बाद पुत्रों द्वारा आपसी बंटवारा कर आजीविका चला रहे हैं।

## भ्रष्टाचार में लिप्त प्राचार्य को जिला शिक्षा अधिकारी का संरक्षण

**नगरी, 22 अप्रैल।** सांकरा उच्च माध्यमिक विद्यालय में लाखों रुपया का फर्जीवाड़ा करने वाली महिला प्राचार्य को जिला शिक्षा अधिकारी जगदल्ले का खुला संरक्षण मिला हुआ है, जांच में पुख्ता प्रमाण मिलने के बावजूद आज तक प्राचार्य पर कोई कार्यवाही नहीं होना इसका प्रमाण है। बता दें कि उक्त प्राचार्य ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए स्थानीय और शासकीय निधि से शाला विकास के नाम पर मिले राशि में 10 लाख रुपए का बंदरबांट किया है प्राचार्य के इस कृत्य से शिक्षा के मंदिर भी शर्मशार हो गया है ऐसे प्राचार्य पर कोई कार्रवाई नहीं होने से उनकी हौसला बुलंद हैं।

**जानिए पूरा मामला**-सांकरा के प्राचार्य ने स्थानीय मद,क्क्क्रस्न विज्ञान,क्रीडा एवं अन्य मद की राशि को जनभागीदारी एवं विकास समिति के बिना प्रस्ताव के खर्च करने का मामला सामने आया है। जबकि शासन के नियमानुसार पांच हजार रुपए से अधिक के राशि खर्च करने पर जन भागीदारी एवं विकास समिति का अनुमोदन अनिवार्य है तथा शासकीय राशि का व्यय क्रय समिति के माध्यम से किया जाना है लेकिन प्राचार्य ने इस नियमों का उलंघन किया है,अधिकांश राशि का व्यय केवल स्टेशनरी एवं सीसी टीवी कैमरा में खर्च किया गया है, गौर करने वाली बात है कि मॉनिटर व टीवी शासकीय प्रदाय से है फिर भी 51670 रुपए व्यय किया गया है जो इस फर्जीवाड़े को उजागर करता है, इस प्रकार शासकीय व स्थानीय मद की अधिकांश राशि का व्यय स्वयं प्राचार्य के द्वारा मनमाने ढंग से किया गया है, जो प्राचार्य के अधिकार क्षेत्र से बाहर है,जनभागीदारी, विकास समिति, एवं क्रय समिति के बिना अनुमोदन के व्यय किया जाना अवैधानिक और नियमों के विरुद्ध है, ऐसे कार्यों से प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में भ्रष्टाचार करना नीति निर्माण और योजना, स्कूल प्रबंधन, और शिक्षक आचरण को प्रभावित करता है।

## आज धरती माँ को सभी के ध्यान की आवश्यकता है...

**राजनांदगांव 22 अप्रैल।** 55वें विश्व पृथ्वी दिवस 2025 की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह है। 1971 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव यू थांट ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 22 अप्रैल को दुनिया का पहला पृथ्वी दिवस घोषित किया गया था, हालाँकि यू थांट ने पर्यावरणीय संरक्षण का समर्थन किया, लेकिन 22 अप्रैल पृथ्वी दिवस की स्थापना 1970 में अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने की थी। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जिसके पास केवल 2.4 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र, 4 प्रतिशत ताजा पानी और 18 प्रतिशत मानव तथा पशुधन आबादी है। हाल ही में हमारी धरती माता के सामने उभरती चुनौतियों में से एक पराली जलाना है। लोग अंधाधुंध और बेतरतीब ढंग से धान के खेतों को जला रहे हैं, जो आसपास के क्षेत्र में फैल जाता है और झाडियां व पौधे भी जल जाते हैं तथा पारिस्थितिकी को नुकसान पहुँचता है।

## सुशासन तिहार बना वरदान, एक दिन में मिला जाति प्रमाणपत्र

**राजनांदगांव 22 अप्रैल।** शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने तथा जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी से लेकर ग्रामों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का विभिन्न विभागों द्वारा युद्ध स्तर पर निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम रंगीटोला



निवासी श्री दीनालाल मंडलोई को एक दिन में ही जाति प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किया गया। श्री दीनालाल मंडलोई ने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत तहसील कार्यालय डोंगरगांव स्थित लोक सेवा केंद्र में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। उन्होंने सुशासन तिहार की प्रशंसा करते हुए बताया कि लोक सेवा केन्द्र में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने पर एक ही दिन में निःशुल्क जाति प्रमाण पत्र बनकर प्राप्त हो गया।

## एमसीपी लगाकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

- **चेकिंग के दौरान 114 प्रकरणों में 56700/- रुपये जुर्माना कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्रवाई**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 22 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के



मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने छीनाझपटी करने वाले बदमाशों पर नजर बनाये रखने, शराब पीकर वाहन चलाने व तेज आवाज वाले साइलेंसर वाहनों पर सख्त कार्यवाही करने, शादी के सीजन में मालवाहक वाहन में जा रहे यात्री वाहनों पर कार्यवाही करने हेतु दिया गया था निर्देश। जिसके तहत् जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 20/04/2025 को रात्रि 09 से 11 बजें तक एमसीपी लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई।

## जिले के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किया कार्यभार ग्रहण

**राजनांदगांव 22 अप्रैल।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज अपरान्ह कलेक्टोरेट पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे वर्ष 2011 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी ली तथा जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में चर्चा की। इसके उपरांत



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ के लिए रवाना हुए। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, संयुक्त कलेक्टर सुश्री हितेश्वरी बाघे, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**सुशासन तिहार: आवेदनों का निराकरण करने महापौर ने दिये निर्देश**

# आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना द्वितीय चरण का लाभ देने निर्माणाधीन आवासों के निरीक्षण का दिया निर्देश

- **योजना के संबंधित अधिकारी कार्य में प्रगति लाने वार्डो में कर रहे निरीक्षण**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 अप्रैल।** महापौर श्री मधुसूदन यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय चरण 2.0 का अधिक से अधिक लाभ देने हितग्राहियों को जानकारी देने विभाग के अधिकारियों से कहा है तथा उन्होंने सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में आए आवेदनों की जॉच कर समय सीमा में निराकरण कर पात्र हितग्राहियो को योजना का लाभ देने कहा है। इसी प्रकार आवास योजना का लोगों को अधिक से अधिक लाभ देने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वर्मा द्वारा समय समय पर योजना के कार्यो की समीक्षा की जा रही है, समीक्षा में उनके द्वारा आवास योजना की प्रगति की जानकारी एवं योजना के द्वितीय चरण 2.0 में नये आवेदन की जानकारी तथा प्राप्त आवेदनों के भौतिक सत्यापन उपरांत डीपीआर



तैयार करने व इसी तारतम्य में निर्माणाधीन आवासों का फिल्ड में जाकर निरीक्षण करने तथा हितग्राहियों को समय पर आवास का लाभ देने संबधित अधिकारियों को निर्देश दिये है। महापौर यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे ने योजना से जुडे अधिकारियों एवं वास्तुविदो के साथ बैठक कर योजन के घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत भौतिक प्रगति की जानकारी वास्तुविदों से ली। साथ ही साथ धीमि प्रगति से असंतुष्ट होकर निराशा व्यक्त करते हुये कडे शब्दों में सभी वास्तुविदो को छत स्तर तक सभी आवासों को पूर्ण करने एवं एवं लेंटर लेबल के निर्माणधीन आवास को 30 अप्रैल 2025 तक रूप स्तर तक पहुचाने तथा वार्डो में जाकर आवास का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुक्रम में योजना के सहायक नोडल अधिकारी श्री वसीम खान एवं आवास योजना के संबंधित सीएलटीसी सिविल इंजीनियर सजल तिवारी सामाजिक विशेषज्ञ ललित मानकर संबंधित आवासों के वास्तुविदों के साथ योजना के घटक बीएलसी मोर जमीन मोर मकान के निर्माणाधीन एवं निर्मित पूर्ण आवासों के निरीक्षण हेतु निकाय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आवास योजना के निर्माण की गुणवत्ता को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने का कार्य कर रहे है।

समाचार संक्षेप

## आचार्य महाश्रमण का 52 वां दीक्षा दिवस 11 मई को

**रायपुर, 22 अप्रैल।** जैन तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें आचार्य महाश्रमण जी के 52 वें दीक्षा दिवस 11 मई 2025 के अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के तत्वाधान में तेरापंथ युवक परिषद् , रायपुर द्वारा महाश्रमण आर्ट गैलरी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जो भी ( महिला, पुरुष, बच्चें ) भाग लेना चाहते हैं सभी जल्दी से जल्दी अपनी कलाकृति तैयार करने का लक्ष्य रखें। विशेष ध्यानार्थ किसी भी कलाकृति का न्यूनतम आकार4 साइज शीट होना चाहिए, एक व्यक्ति केवल एक ही कलाकृति भेज सकता है, कोई आयु सीमा नहीं है कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है, कलाकृति का विषय आचार्य महाश्रमण जी से संबंधित ही होना चाहिए, कलाकृति किसी भी शैली में हो सकती है - पेंटिंग, स्केच, डूडल, वाटर कलर, एक्रेलिक, चारकोल, ड्राइंग किसी भी माध्यम का उपयोग करके बनाई जा सकती है - कैनवास, कार्डबोर्ड और यहां तक के वेस्ट मेटेरियल से भी, कलाकृति का मूल्यांकन निम्नलिखित आधारों पर किया जाएगा। कलाकृति 26 अप्रैल 2025, शनिवार को रात्रि 8 से 8:30 बजे तक तेरापंथ अमोलक भवन, सदर बाजार में पहुंच जाए जिससे 27 अप्रैल 2025 , रविवार को तेरापंथ अमोलक भवन में प्राप्त सभी कलाकृतियों की प्रदर्शनी सुबह 10 से 12 बजे तक लगाई जायेगी। इसमें जो ज्यादा प्रभावी होगी उनमें प्रथम पांच कलाकृर्तियां परम पूज्य गुरुदेव के सान्निध्य में आयोजित होने वाले ÷युवा दिवस आयोजन अंतर्गत में प्रदर्शित की जाएगी।



## चने की राशि के भुगतान के लिए कलेक्टर ने एपीसी को लिखा पत्र

- **समर्थन मूल्य पर चना बेचने वाले किसानों को जल्द भुगतान का आग्रह**

**धमतरी 22 अप्रैल।** धमतरी जिले में समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी के बाद किसानों को राशि का भुगतान अब जल्द ही हो जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने चने की राशि के जल्द भुगतान के लिए राज्य के कृषि उत्पादन आयुक्त से आग्रह किया है। मिश्रा ने इस संबंध में एक अर्धशासकीय पत्र भी कृषि उत्पादन आयुक्त को भेजा है। उन्होंने आशा जताई है कि जल्द ही चना बेचने वाले किसानों को उनकी राशि का भुगतान उनके बैंक खातों मे कर दिया जाएगा। जिले में एक मार्च से समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी की गई है। इसके लिए जिले में आठ सहकारी समितियों में उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इन सभी उपार्जन केन्द्रों में एक हजार 760 चना उत्पादक किसानों ने 16 हजार 369 क्विंटल चना समर्थन मूल्य पर बेचा है। किसानों को पांच हजार 650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से राशि का भुगतान किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष जिले में व्यापक पैमाने पर फसल चक्र परिवर्तन अभियान चलाया गया था। इस अभियान के कारण जिले में दलहनी फसलों का कुल क्षेत्र 15 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 30 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया है। जिले में इस अभियान के तहत सबसे अधिक रकबे में चने की फसल लगाई गई। एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से जिले के 10 हजार 777 किसानों ने लगभग 11 हजार 750 हेक्टेयर रकबे में लगी चने की फसल को बेचने के लिए पंजीयन कराया है। समर्थन मूल्य पर चना खरीदी के लिए सभी विकासखण्डों में आठ उपार्जन केन्द्र खोले गए हैं। केन्द्रीय एजेंसी एनसीसीएफ को जिले में चना उपार्जन के लिए नामित किया गया है। अब तक 16 हजार 369 क्विंटल चने का उपार्जन किया जा चुका है, परन्तु एजेंसी द्वारा किसी भी किसान को चने की राशि भुगतान नहीं की गई है। कलेक्टर ने एपीसी को भेजे पत्र में आग्रह किया है कि उपार्जित चने का भुगतान नहीं होने से किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को समय पर उनके उत्पाद का दाम दिलाने के लिए कलेक्टर ने संबंधित एजेंसी को निर्देशित करने का आग्रह कृषि उत्पादन आयुक्त से किया है।

## महापौर रामू रोहरा ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**धमतरी 22 अप्रैल।** आज महापौर नगरनिगम धमतरी रामू रोहरा ने जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय परिसर से पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पोषण रथ के माध्यम से जनसमुदाय को पोषण का महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी, जिससे बच्चों, किशोरियों और महिलाओं में पोषण के स्तर में वृद्धि होगी। रोहरा ने कहा कि जब हमारा समाज स्वस्थ्य होगा, तभी हम विकास की ओर अग्रसर हो सकते है। अधिकारियों ने बताया कि यह पोषण रथ नगरीय निकाय क्षेत्र और आसपास के गांवों में जाकर पोषण संबंधी जानकारी देगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस वर्ष पोषण पखवाडा की मुख्य थीम ''जिले को कुपोषण मुक्त करना, स्वास्थ्य जीवन शैली, जीवन के महत्वपूर्ण 1000 दिन महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देना है''। जिले में कुपोषण से मुक्ति के लिए जनजागरूकता तथा समुदाय तक पहुंच हेतु संवेदीकरण एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन जैसे पोषण भी पढाई भी, टीकाकरण शिविर, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, अन्नप्राशन, स्वसहायता समूहों की बैठक, खेलकुद, योग शिविर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं के प्रतिनिधियों, निकाय के प्रतिनिधियों एवं अन्य सहयोगी विभागों के सहयोग से ''पोषण पखवाडा 2025'' का आयोजन किया जा रहा है।

## ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी प्रकार की डिजिटल सुविधा मिलेगी



**छुरिया, 22 अप्रैल।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा नेतृत्व वाली विष्णु देव साय की सरकार ने मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र की शुरुआत की है। जिससे ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी प्रकार के डिजिटल सुविधा मिलेगी साथ ही नगद अहरण की सहूलियत मिलने वाली है.श्रीमती वैष्णव ने कहा कि अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र% के तहत नकद भुगतान, डिजिटल सेवाएं और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. अब लोगों को नकद लेन-देन, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा. राजनांदगांव जिले में यह सुविधा 40 पंचायत को दी जाएगी. इस योजना के तहत ग्रामीण आसानी से अपने खातों से पैसा निकाल सकेंगे अपने और दूसरे के खातों में पैसा जमा कर सकेंगे. बिजली पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे. पेंशन और बिमा सुविधाओं के तहत भी पैसे प्राप्त कर सकेंगे. छत्तीसगढ़ की पालनहारी विष्णु देव साय की सरकार हर वर्ग के लिए बेहतर कार्य कर रही है। आज हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है।उसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य भी विकास की ओर अग्रसर है।मैं माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी व पूरे मंत्री मंडल के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। यह योजना से निश्चित रूप से राजनांदगांव जिले के पंचायत में ग्रामीणो को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के डिजिटल सुविधा मिलेगी।

## संपादकीय

# कांग्रेस के लिए बड़ी व कड़ी परीक्षा गुजरात उपचुनाव

कोई भी राजनीतिक दल हो उसके लिए किसी प्रदेश में राजनीतिक हकीकत को जानने का सबसे अच्छा मौका होता है, वहां होने वाला उपचुनाव।उपचुनाव में हार-जीत से पता चलता है कि जनता किसके साथ है, विपक्ष के साथ है या सरकार के साथ है, जनता बदलाव चाहती है या बदलाव नहीं चाहती है। जनता बदलाव चाहती है तो सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशी को हराती है और जनता बदलाव नहीं चाहती है तो सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशी को जिताती है और साफ संदेश देती है कि वह किस राजनीतिक दल के बारे में क्या सोचती है। गुजरात में विधानसभा चुनाव 2027 के अंत में होने हैं।कांग्रेस ने अभी से गुजरात चुनाव लड़ने व जीतने की तैयारी शुरू कर दी है। पहली बार ऐसा हुआ है कि कांग्रेस एक साल से भी ज्यादा समय होने के बाद भी किसी राज्य में चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने के साथ चुनाव जीतने की तैयारी शुरू कर दी है। राहुल गांधी एक दो महीने में ही कई बार गुजरात का दौरा कर चुके हैं। वहां कांग्रेस को मजबूत करने के लिए गुजरात माडल बनाया गया है। अगर संगठन के मजबूत करने का गुजरात माडल सफल होता है तो इसका उपयोग दूसरे राज्यों में किया जाएगा।बिहार विधानसभा इस साल के अंत में होने वाले हैं लेकिन कांग्रेस बिहार से ज्यादा ध्यान गुजरात में दे रही है क्योंकि गुजरात में भाजपा के साथ उसका सीधा मुकाबला है। दूसरी बात यह है कि गुजरात में भाजपा सरकार को तीस साल हो गए हैं।कांग्रेस तीस साल से हारती आ रही है इस बार उसको लगता है कि तीस साल की एंटी इनकंबेशी के कारण उसके लिए जीतना आसान होगा। जनता तो दस पंद्रह साल में राजनीतिक दल से ऊब जाती है, नाराज हो जाती है,यह पीएम का जादू है जो पिछले तीस साल से गुजरात की जनता के सिर चढ़कर बोल रहा है।गुजरात पीएम मोदी का गृहराज्य है, कांग्रेस गुजरात में भाजपा को हराने का मतलब यह मानती है कि उसने मोदी को हरा दिया। कांग्रेस की योजना है या सोच है कि गुजरात में भाजपा को हराकर पूरे देश में संदेश दिया जा सकता है कि पीएम मोदी अपराजेय नहीं है, उनको कांग्रेस हरा सकती है, गुजरात में हरा सकती है तो देश में भी हरा सकती है। राहुल गांधी तीन लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी को नहीं हरा पाए है। देश के चुनाव में नहीं हरा पाए है यानी बड़े मैदान में तीन चुनाव हार चुके हैं तो राज्य के विधानसभा चुनाव में यानी छोटे मैदान में हराने की सोच रहे हैं। राहुल गांधी व उनकी सलाहकार मंडली की यह सोच हो सकती है। राहुल गांधी की इमेज तो अभी तक पीएम मोदी से चुनाव हारने वाले नेता की बनी हुई है, लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा,महाराष्ट्र, दिल्ली में कांग्रेस की निरंतर हार से राहुल गांधी का छवि मोदी से चुनाव हारने वाले नेता की बन गई है।इस छवि को बदलने का कम जोखिम वाला मौका गुजरात विधानसभा चुनाव को मान रहे हैं। क्योंकि किसी तरह से गुजरात विधानसभा किसी भी कारण से कांग्रेस जीतती है तो बड़ा संदेश देश में जाएगा कि राहुल गांधी ने पीएम मोदी उनके गृहराज्य में हरा दिया। राहुल गांधी गुजरात में मोदी को हरा सकते हैं तो देश के चुनाव में हरा सकते हैं। कांग्रेस हार जाती है तो हमेशा की तरह कहा जाएगा कि गुजरात चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए इसलिए कांग्रेस चुनाव हार गई। गुजरात में कांग्रेस को चुनाव साजिश कर हरवाया गया है। गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले गुजरात में दो सीटों पर उपचुनाव होने हैं। कांग्रेस के लिए खुद का आकलन करने का बेहतरीन मौका है कि गुजरात की जनता 30 साल के मोदी शासन में मोदी से नाराज है तो कितनी नाराज है। क्या वह इतनी नाराज है कि भाजपा को हरा कर संदेश देना चाहती है कि हम मोदी से नाराज हैं। यही वजह है कि कांग्रेस के कमजोर संगठन को राहुल गांधी मजबूत करने के लिए एक के बाद एक दौरा कर रहे हैं, राहुल गांधी तो राहुल गांधी हैं उनको गुजरात के बचे खुचे कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को मोटीवेट करना चाहिए तो वह गुजरात कांग्रेस के एक हिस्से को यह कहकर नाराज कर दिए हैं कि वे भाजपा से मिले हुए हैं, इसलिए चुनाव में भाजपा जीतती है और कांग्रेस हार जाती है। दूसरे दौरे में उन्होंने गुजरात कांग्रेस नेताओ व कार्यकर्ताओं की तुलना घोड़ों से करते हुए कहा है कि जिस प्रकार तीन तरह के घोड़े होते है,एक रेस में दौड़ने वाले, दूसरे बारात में नाचने वाले, तीसरे लंगड़े घोड़े। उसी तरह गुजरात कांग्रेस में तीन तरह के नेता हैं, एक चुनाव जीतने वाले, दूसरे चुनाव हारने वाले, तीसरे चुनाव हराने वाले। अब गुजरात में चुनाव में टिकट उन्हीं को दिया जाएगा जो चुनाव जीतने वाले हैं, चुनाव हारने वालों और चुनाव हराने वालों की पहचान कर उनको पार्टी से निकाला जाएगा। इसमें पता नहीं कितना वक्त लगेगा क्योंकि ऐसा करने पर पार्टी में नए लोगों की भर्ती भी तो करनी होगी।कोई भी पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को निकालने से तो मजबूत नहीं होती है। कोई भी पार्टी संगठन के तौर पर मजबूत तब होती है जब पार्टी के प्रति निष्ठावान व समर्पित नेता व कार्यकर्ता सदस्य बनाए जाते हैं। पार्टी के प्रति निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ता ही तो आजकल नहीं मिलते हैं। सबसे मुश्किल काम भी तो यही है कि पार्टी के नेता व कार्यकर्ता पार्टी के प्रति निष्ठावान हो, समर्पित हों। चुनाव इन्हीं की बदौलत जीता जाता है।ऐसा नेता व कार्यकर्ता बनने में बरसों लगते हैं। आज सदस्य बनाया गया है तो कुछ दिन में यह निष्ठावान व समर्पित नेता व कार्यकर्ता नहीं बन जाते हैं। राहुल गांधी को गुजरात के लिए रेस में दौड़ने वाले और जीतने वाले घोड़े चाहिए।कब मिलेंगे, कहां मिलेंगे, कैसे मिलेंगे ऐसे घोड़े खुद राहुल गांधी भी नहीं जानते हैं। अभी घोड़े नहीं मिले हैं और गुजरात कांग्रेस ने फैसला कर लिया है कि गुजरात में आने वाले महीनों में होनेवाला उपचुनाव कांग्रेस अकेले लड़ेगी यानी आप के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल हाल में कहा है कि उपचुनाव आप के साथ मिलकर नहीं लड़ा जाएगा, कांग्रेस उपचुनाव अकेले लड़ेगी। इसके बाद भी दोनों पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर इंडी गठबंधन का हिस्सा बनी रहेंगी। हुआ यह है कि उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने उपचुनाव की तारीख की घोषणा नहीं हुई है और विसावदर सीट के लिए प्रत्याशी गोपाल इटालिया को बनाने की घोषणा कांग्रेस के कोई बात किए बगैर कर दी है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो आप ने गुजरात में उपचुनाव अकेले लड़ने का फैसला पहले किया है, कांग्रेस ने तो बाद में किया है। कांग्रेस को पिछले विधानसभा चुनाव में आप के वोट काटने के कारण मात्र 17 सीटें मिलीं थी उन सीटों के विधायकों को भी कांग्रेस अपने पास रखने में सफल नहीं हुई। पांच विधायक कांग्रेस छोड़कर चले गए। वर्तमान में कांग्रेस के पास मात्र 12 विधायक हैं। राहुल गांधी इसके बाद भी कहते हैं कि गुजरात में कांग्रेस ही भाजपा को हरा सकती है। उपचुनाव में राहुल गांधी को पता चल जाएगा कि उनके पार रेस में दौड़ने व जीतने वाले घोड़े हैं भी या नहीं। आम आदमी पार्टी ने अपना रेस का घोड़ा तय कर लिया है और जीत की तैयारी शुरू कर दी है।कांग्रेस को अभी रेस के घोड़े की तलाश है। कांग्रेस की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि गुजरात की जनता पीएम मोदी को गुजरात का भला करने वाला नेता मानती है। कांग्रेस के पास ऐसा कोई नेता नहीं है जिसे गुजरात की जनता मोदी की टक्कर का समझती हों। राहुल गांधी को गुजरात की जनता मोदी की टक्कर का नहीं मानती है। क्योंकि राहुल गांधी गुजरात के भले के लिए अभी तक करना तो दूर सोचा तक नहीं है।

विश्व पुस्तक दिवस

# पुस्तकें कल्पवृक्ष है और कामधेनु भी

**ललित गर्ग**



विश्व पुस्तक दिवस जिसे विश्व पुस्तक कॉपीराइट दिवस भी कहा जाता है, पुस्तक-संस्कृति को बल देने और पढ़ने की प्रवृत्ति के आनंद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाने वाला एक विश्व उत्सव है। हर साल 23 अप्रैल को दुनिया भर में पुस्तकों के दायरे को पहचानने, उसे प्रोत्साहन देने एवं दुनिया को जोड़ने के लिए पुस्तक उत्सव अतीत और भविष्य के बीच एक कड़ी, पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच एक पुल है। इस अवसर पर, यूनेस्को और पुस्तक उद्योग के तीन प्रमुख क्षेत्रों - प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता और पुस्तकालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन, अपने स्वयं के प्रयासों के माध्यम से, दिवस के उत्सवों की प्रेरणा को बनाए रखने के लिए एक वर्ष के लिए विश्व पुस्तक राजधानी का चयन करते हैं। किताबें, अपने सभी रूपों में, हमें सीखने और खुद को सशक्त रखने का मौका देती हैं। वे हमारा मनोरंजन भी करती हैं और हमें दुनिया को समझने में मदद करती हैं, साथ ही दूसरों की दुनिया में झांकने का मौका भी देती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है ह्यअपने तरीके से पढ़ेंह्ल, यह थीम सभी आयु वर्ग के लोगों विशेषतः बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार किताबें चुनने और पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य बच्चों को पढ़ने में आनंद आने का अनुभव कराना और उनकी पढ़ने की आदत को मजबूत बनाना है।

23 अप्रैल विश्व साहित्य में एक प्रतीकात्मक तिथि है। इस दिन कई विश्वप्रसिद्ध लेखकों का जन्मदिवस या पुण्यतिथि होती है। विलियम शेक्सपियर, मिगुएल डे सर्वेंट्स और जोसेप प्लाया का इसी दिन निधन हुआ था, जबकि मैनुएल मेजिया वल्लेजो और मौरिस ड्रून इसी दिन पैदा हुए थे। यूनेस्कों ने 23 अप्रैल 1995 को इस दिवस को मनाने की शुरूआत की थी। पैरिस में यूनेस्को की एक आमसभा में फैसला लिया गया था कि दुनियाभर के लेखकों का सम्मान करने, उनको श्रद्धांजली देने और किताबों के प्रति रुचि जागृत करने के लिए इस दिवस को मनाया जाएगा। पुस्तकों को ज्ञान का बाग भी कहा जाता है। यदि कोई इन पुस्तकों से सच्ची दोस्ती कर ले तो यकीन मानिए उसे जीवन भर का ज्ञान और हर समस्या का समाधान कुछ ही समय में मिल जाता है। समस्याओं एवं परेशानी के दौर में पुस्तक दोस्ती का पूरा फर्ज निभाती हैं। पुस्तक का महत्व सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक है, किसी भी युग या आंधी में उसका महत्व कम नहीं हो सकता, इंटरनेट जैसी अनेक आंधियां आयेगी, लेकिन पुस्तक संस्कृति हर आंधी में अपनी उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को बनाये रख सकेगी। क्योंकि पुस्तकें पढ़ने का कोई एक लाभ नहीं होता। पुस्तकें मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं तथा सोचने समझने के दायरे को बढ़ाती हैं। किताबों का अस्तित्व खत्म नहीं हो सकता। आधुनिकता की बात करें तो भी यह बात हर वक्त संभव नहीं कि किताबों के स्थान पर लैपटॉप आदि से पढ़ा जाए। पुस्तक या किताब लिखित या मुद्रित पेजों के संग्रह को कहते हैं। पुस्तकें ज्ञान का भण्डार हैं। पुस्तकें हमारी दुष्ट वृत्तियों से सुरक्षा करती हैं और सकारात्मक सोच को निर्मित करती है। अच्छी पुस्तकें पास होने पर उन्हें मित्रों की कमी नहीं खटकती है वरन वे जितना पुस्तकों का अध्ययन करते हैं पुस्तकें उन्हें उतनी ही उपयोगी मित्र के समान महसूस होती हैं। पुस्तकें एक तरह से जाग्रत देवता हैं उनका अध्ययन मनन और चिंतन कर उनसे तत्काल लाभ प्राप्त किया जा सकता है। तकनीक ने भले ज्ञान के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, पर पुस्तकें आज भी विचारों के आदान-प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम हैं। महात्मा गाँधी को महान बनाने में गीता, टालस्टाय और थोरो का भरपूर योगदान था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व ख्याति दिलाने में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, यही कारण है कि उन्होंने पुस्तक संस्कृति को जीवंत करने का अभिनव उपक्रम ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम में अनेक बार किया। पुस्तकों में जीवन का रहस्यमय एवं रोमांचक संसार है। इसलिये पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहन देकर ही हम उन्नत संस्कार, संसार एवं सृष्टि का निर्माण कर सकेंगे। किताबों में ही किताबों के बारे में जो लिखा है वह भी बहुत उल्लेखनीय और विचारोत्तेजक है। मसलन टोनी मोरिसन ने लिखा है- ह्यकोई ऐसी पुस्तक जो आप दिल से पढ़ना चाहते हैं, लेकिन जो लिखी न गई हो, तो आपको चाहिए कि आप ही इसे जरूर लिखें। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निःसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने, मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। नरेन्द्र मोदी प्रयोगधर्मा एवं सृजनकर्मा राजनायक हैं, तभी उन्होंने उपहार में ह्यबुके नहीं बुकह्ल यानी किताब देने की बात कही। सत्साहित्य में तोप, टैंक और एटम से भी कई गुणा अधिक ताकत होती है। अणुअस्त्र की शक्ति का उपयोग ध्वंसात्मक ही होता है, पर सत्साहित्य मानव-मूल्यों में आस्था पैदा करके स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण समाज की संरचना करती है। इसी से सकारात्मक परिवर्तन होता है जो सत्ता एवं कानून से होने वाले परिवर्तन से अधिक स्थायी होता है। यही कारण है कि मोदीजी भारत को बदलने में सत्साहित्य की निर्णायक भूमिका को स्वीकारते हैं। पुस्तकें चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन हैं। उत्तम विचारों से युक्त पुस्तकों के प्रचार और प्रसार से राष्ट्र के युवा कर्णधारों को नई दिशा दी जा सकती है। देश की एकता और अखंडता का पाठ पढ़ाया जा सकता है और एक सबल राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पुस्तकें प्रेरणा की भंडार होती हैं उन्हें पढ़कर जीवन में कुछ महान कर्म करने की भावना जागती है। पुस्तकें कल्पवृक्ष भी है और कामधेनु भी है, क्योंकि इनकी छत्रछाया में मनुष्य अपनी हर मनोकामना को पूरा करने की शक्ति एवं सामर्थ्य पाता है। पुस्तकें अमूल्य है और जन-जन के लिये उपयोगी है, निश्चित ही वे एक नये व्यक्ति और एक नये समाज-निर्माण का आधार भी है। पुस्तकें ही व्यक्ति में सकारात्मकता का संचार करती है। नये मूल्य, नये मापदण्ड, नई योग्यता, नवीन क्षमताएं, आकांक्षाएं और नये सपने- तेजी से बदलती जिंदगी में सकारात्मकता को स्थापित करने में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

इंसान घर बदलता है, लिबास बदलता है, रिश्ते बदलता है, दोस्त बदलता है, फिर भी परेशान क्यों रहता है? क्योंकि उसने पुस्तकरूपी कल्पवृक्ष की छाया में बैठना बन्द कर दिया है जबकि इन्हीं पुस्तकों की सार्थक कोशिश होती है कि इंसान बदलें, उसकी सोच बदलें, उसका व्यवहार बदलें लेकिन बदलने की उसकी दिशा सदैव सकारात्मक हो ताकि वह जिंदगी के वास्तविक मायने समझ सके। जब तक इंसान खुद को नहीं बदलता, वह अपनी मंजिल को नहीं पा सकता। मंजिल को पाने एवं जीत हासिल करने के लिए स्वयं का स्वयं पर अनुशासन जरूरी है। यही सूत्र पुस्तक-संस्कृति की उपयोगिता एवं महत्व को उजागर करता है। पुस्तकें एक रचनात्मक एवं सृजनात्मक दुनिया है, जिसमें विद्वान लेखकों, विचारकों एवं मनीषियों ने अपनी कलम में वही सब कुछ लिखा होता है जिसे उन्होंने अपने आस-पास की जिंदगी में देखा है, भोगा है। इन पुस्तकें के विचार किसी न किसी के द्वारा कभी न कभी सोचा, कहा, लिखा, मनन किया या जीया गया होता है। ये पुस्तकें एक जरिया है, झरोखा है, जिसमें युगों का ज्ञान है, महापुरुषों के अनुभव हैं, संतपुरुषों की सूक्तियां हैं, प्रबुद्धजनों के जीवन का निचोड़ हैं। जिनकी प्रेरणा और ऊर्जा से इंसानों को रोशनी मिलती है, जो सबके घर में आनंद को और सूरज को अवतरित करने की क्षमता का स्रोत भी है। इंटरनेट और ई-पुस्तकों की व्यापक होती पहुंच के बावजूद छपी हुई किताबों का महत्व कम नहीं हुआ है और वह अब भी प्रासंगिक हैं। भारत ही बल्कि दुनिया को बदलने में सत्साहित्य की निर्णायक भूमिका असंदिग्ध हैं। हजारीप्रसाद द्विवेदी ने तभी तो कहा था कि साहित्य वह जादू की छड़ी है, जो पशुओं में, ईंट-पत्थरों में और पेड़-पौधो में भी विश्व की आत्मा का दर्शन करा देती है।ह्ल निश्चित ही विश्व पुस्तक दिवस की पुस्तक-प्रेरणा भारतीय जन-चेतना को झंकृत कर उन्हें नये भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित कर रही है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आप जरूरी कामों के साथ-साथ बाकी के कामों को करने में भी पूरी दिलचस्पी दिखाएंगे, लेकिन आप अपने बिखरे व्यवसाय को संभालने की कोशिश अवश्य करें। संतान के करियर को लेकर यदि आपको कोई टेंशन थी, तो वह भी आपकी काफी हद तक दूर होगी। आपको वरिष्ठ सदस्यों की बातों को नजरअंदाज करने से बचना होगा, नहीं तो आपका कोई नुकसान हो सकता है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सूझबूझ दिखाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। आप अपने किसी मित्र को लेकर कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का आपको सम्मान करना होगा। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर समझदारी दिखानी होगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में बेहतर रखने वाला है। आपको किसी से यदि कोई शुभ सूचना सुनने को मिले, तो आप उसे तुरंत आगे ना बढ़ाएं। आपके बस आपको कोई बड़ा प्रोजेक्ट सौंप सकते हैं। आपको सामाजिक कामों में भी अच्छी सांठ गांठ से काम करने होंगे, तभी लोग आपकी मदद कर सकेंगे। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपकी किसी बात को लेकर कार्यक्षेत्र में कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। किसी सरकारी योजना का आप पूरा लाभ लेंगे। अविवाहित जातकों की अपने पार्टनर से मुलाकात हो सकती हैं। आपको किसी अजनबी से लेनदेन करना नुकसान देगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आपकी किसी बात को लेकर माताजी आपसे नाराज हो सकती हैं। आप अपनी जिम्मेदारियां को पूरा करने में कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। आपके परिवार में बड़े सदस्यों की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे और परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। आपका बिजनेस पहले से बेहतर रहेगा। कोई सरकारी टेंडर आपको मिलने की संभावना है। आप अपने घर की रंगाई-पुताई आदि की भी योजना बना सकते हैं। आपको कुछ मामलों में ढील देने से बचना होगा। संतान को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। आपको अपने जरूरी कामों को भी धैर्य रखकर निपटाने की आवश्यकता है। आप अपने मन में किसी से ईर्ष्या की भावना ना रखें।

**तुला** आज का दिन आपके लिए शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचने के लिए रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में अजनबियों से दूरी बनाकर रखें, क्योंकि वह आपके कामों में विघ्न डालने की कोशिश करेंगे। आपको सेहत में यदि कोई समस्या महसूस हो, तो आपको उसके लिए डॉक्टर से परामर्श लेने की आवश्यकता है। आप अपने किसी मित्र से अपने मन की इच्छा को जाहिर कर सकते हैं। किसी नए वाहन को आप अपने घर लेकर आ सकते हैं।

**वृश्चिक** आज आपका मन कामों को लेकर परेशान रहेगा, क्योंकि संतान के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है। आपको किसी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी। आपकी भाई व बहनों से खूब पटेगी। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। आपका कोई काम यदि धन को लेकर रुका हुआ था, तो वह आसानी से पूरा हो सकता है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए किसी नए घर या दुकान आदि की खरीदारी के लिए रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें, नहीं तो पूरा होने में समस्या आएगी। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी कहासुनी हो सकती है। आपको अपनी वाणी की सौम्यता को बनाए रखना होगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश आपके रंग लाएगी। विद्यार्थियों को किसी परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत अधिक करनी होगी, तभी उन्हें उसमें सफलता हासिल होगी। आप अपने बिजनेस के कामों में कोई बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपकी कोई पुरानी गलती के कारण आपको पछतावा होगा। यदि आप कोई इन्वेस्टमेंट लॉन्ग टर्म के लिए करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी के बहकावे में आकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता करना होगा। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपकी सेहत में भी कुछ उतार-चढ़ाव बने रहेंगे। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है। आप किसी से कोई मन की बात सोच समझकर करें। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**मीन** आज का दिन आपकी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रहेगा। आप मेहनत से पीछे नहीं हटेंगे। आपको किसी मकान या दुकान से यदि कोई इनकम थी, तो वह बंद हो सकती है। आपके जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाई आने से आपका मन भी परेशान रहेगा। आप कोई लोन आदि अप्लाई कर सकते हैं, जिसे मिलने में आपको कुछ देरी हो सकती है। संतान के लिए आप किसी ने वाहन को लेकर आ सकते है।

## व्यंग्य — गांव की सड़कों पर भैंसों का बाईपास

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त'**



गांव के प्रवेश पर बोर्ड चमक रहा था झ भैंसों के लिए बाईपास उपलब्ध। यह वही गांव था, जहां कभी सड़कें भैंसों की रफ्तार के हिसाब से बनती थीं, और ट्रक उनकी कृपा से चलता था। गांव वालों ने सोचा, भैंसों की संख्या सड़क पर बढ़ने लगी है, कुछ करना होगा। जनता का रास्ता भी कोई चीज है। तब तक भैंसों ने अपने साम्राज्य का ऐलान कर दिया। हमारे बिना सड़कें सूनी हैं, ट्रैफिक सुस्त है। हमारे धैर्य से सड़कें तनावरहित होती हैं। तो हमारी प्रजा को बाईपास चाहिए।

सरपंच जी ने पंचायत में मुद्दा उठाया। भैंसों का दल, गाड़ियों का दल और निर्दलीय कुत्तों ने साथ में चर्चा की। नतीजा निकला झ भैंसों के लिए बाईपास। नया निर्माण हुआ, पर भैंसों ने इसे अपनाने से इनकार कर दिया। बाईपास में कोई रोमांच नहीं, शहर के बीच से जाना हमारी संस्कृति है। यह हमारी परंपरा के खिलाफ है। गांव की गाड़ियों ने जवाबी हमला किया। भैंसों को तुरंत बाईपास भेजें, वरना गांव में गाड़ियों का हड़ताल होगा। हमारी पीठ दर्द कर रही है, और हमारी गियर बॉक्स अब काम नहीं कर रहा। भैंसों ने अपना स्टैंड बनाए रखा। हम तो गांव की सड़कों की शोभा हैं। हमारी आवाजाही बिना आपकी गाड़ियां बोरिंग हो जाएगी। सरपंच ने मध्यस्थता की। भैंसों के बाईपास पर दौड़ाने के लिए मुफ्त घास उपलब्ध कराएंगे। बाईपास को भैंस मनोरंजन पार्क घोषित करेंगे। गांव का युवा वहां सेल्फी ले सकेगा। भैंस दल ने संशोधित बाईपास स्वीकारा। लेकिन समस्या अब गांव के लोगों की हो गई। हमारे सेल्फी स्पॉट पर तो भैंसे कब्जा कर लेंगी। हमारी लाइक बढ़ाने वाली तस्वीरें कहां जाएंगी? गांव का माहौल गर्म हो गया। भैंसों के लिए बाईपास? गाड़ियों को दूसरा रास्ता चाहिए! भैंस मनोरंजन पार्क से गाड़ियों की भीड़ हटाओ। हम जहां जाएं, भैंस वहां नहीं आ सकतीं। भैंसों ने भैंस मुक्त पार्किंग क्षेत्र की मांग रख दी। गांव वालों ने कोर्ट में अपील की, और कोर्ट ने फैसला सुनाया झ भैंसों का अधिकार सुरक्षित है। लेकिन सड़क पर शांतिपूर्ण सह-जीवन जरूरी है। सरपंच ने बीच का रास्ता निकाला। सड़कों पर भैंसों के लिए फास्ट लेन और गाड़ियों के लिए धीमा लेन होगा।

भैंसों के मनोरंजन पार्क में गाड़ियों के प्रवेश शुल्क लगाएंगे, जिससे मुआवजा भरा जा सके। लेकिन अब गांव के कुत्ते, जो निर्लिप्त थे, भैंसों के बाईपास पर दौड़ते नजर आए। हम तो मनोरंजन का हिस्सा बनना चाहते हैं। गांव के बुद्धिजीवी ने नोट किया झ यह इतिहास का पहला गांव है, जहां भैंसों को बाईपास मिला, गाड़ियां मंद गति पर आईं, और कुत्तों ने नया धंधा शुरू किया। यह गांव अब भैंसों का स्वर्ग कहलाएगा। कई सालों बाद, भैंसों का दल कोर्ट में दावा करता नजर आया झ भैंसों को बाईपास देना हमारी आजादी पर प्रहार था। हम क्रांति चाहते हैं। और गाड़ियों ने जवाब दिया झ तुम्हारी क्रांति में हमारी साइलेंसरों का बलिदान मत मांगो। हम तो सड़क के गुलाम हैं। यही गांव अब विज्ञापन बोर्डों से भरा हुआ है झ भैंसों का बाईपास झ अब जनता के लिए खुला। टिकट लेकर घास खाएं। गांव का विकास भैंसों के रफ्तार से चल रहा है, लेकिन दिलों में खलिश कायम है। भैंसों और गाड़ियों का संग्राम अब सिर्फ सूर्खियों में नहीं, लोगों के दिलों में भी चलता रहता है। हृदय से निकली आहें ही गांव की पहचान बन गई हैं।




विश्व पृथ्वी दिवस

# हमें बनना होगा अपनी धरती का प्रहरी

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**



हमारे भारतवर्ष में पृथ्वी को माता कहा जाता है। इस धरा का नाम पृथ्वी, राजा पृथु के नाम पर पड़ा। ऐसा माना जाता है कि राजा पृथु ही पूरी पृथ्वी के राजा थे। हमारी इस पृथ्वी को अलग - अलग देशों में भिन्न नामों से पुकारा जाता है। टर्किश में इसे दुनिया के नाम से संबोधित किया जाता है। पुर्तगीज में इसे टेरा कहते हैं। डच लोग आर्दे तथा जापानी सुची नाम से पुकारते हैं। भारतीय मान्यताओं के अनुसार राजा पृथु ने धरती का दोहन किया अर्थात उसे समतल करते हुए उपजाऊ बनाने का उपक्रम किया। उन्होंने ही सबसे पहले धरती पर अनाज उगाया और संपूर्ण विश्व पर राज किया। भारतीय संस्कृति में हमारी धरा अथवा पृथ्वी को माता मानकर सुबह नींद से जागने के उपरांत पृथ्वी पर पैर रखने से पूर्व चरण स्पर्श कर क्षमा याचना की जाती है। ₹ माता भूमिः पुत्रोअहम पृथिव्याः₹ मंत्र का उच्चारण कर धरती पर पैर रखा जाता है। हमारे संस्कारों में जन्म से लेकर मृत्यु तक, कृषि से लेकर भवन निर्माण तक पृथ्वी की आराधना सभी शुभ कार्यों में की जाती है। अन्न, जल, औषधियां, फल - फूल, वस्त्र एवं आश्रय आदि सब हमें धरती माता से ही मिलता है। हम अपनी धरती के ऋण से कभी नहीं उबर सकते हैं।

हमने धार्मिक अनुष्ठानों में पुरोहितों द्वारा ₹ ॐ पृथ्वी देव्यः विदमहे सहस्त्र मूर्तये धीमहि तन्नो पृथ्वीः प्रचोदयात ₹ का उच्चारण सुना है। इसका अर्थ है - हे ! मां पृथ्वी मेरा नमन स्वीकार करें और मुझे अपना आशीर्वाद प्रदान करें। इसी तरह कृषक वर्ग फसल की बोआई से पूर्व धरती मां की आराधना करता है। पृथ्वी मां के आशीर्वाद से ही किसानों को अच्छी फसल की प्राप्ति होती है। उनका जीवन आर्थिक रूप से संपन्न होकर परिवार में खुशहाली का संचार करता है। हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले जब भी घर, दुकान, इमारत बनाते हैं तो सबसे पहले नींव पूजन के रूप में धरती मां को पूजा जाता है। इसे ही हम भूमि पूजन के नाम से जानते हैं। हम यह जानते हैं कि पृथ्वी हमारे अस्तित्व का आधार है। जीवन का केंद्र भी यही है। आज हमारी पृथ्वी जिस विकट स्थिति में है, उसे वहां पहुंचाने के लिए हमारा मानवीय समाज ही जिम्मेदार है ! हम सब इन हालातों को बदलना चाहते हैं। पर्यावरण की साफ - सफाई और संरक्षण में योगदान देना चाहते हैं। हम जिस हवा में सांस ले रहे हैं वह इतनी दूषित हो चुकी है कि प्रतिवर्ष लाखों लोग इसी वजह से काल के गाल में समा रहे हैं ! हमारी नदियां, कूड़े - कचरे और गंदे जल से दम तोड़ रही हैं ! हमारे वन भी खतरे में हैं ! बावजूद इन सारी जानकारी के हम अपने स्वार्थ के वशीभूत अपनी धरती को नहीं बचा पा रहे हैं ! हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 22 अप्रैल को हम पर्यावरण चेतना जागृत करने के लिए पृथ्वी दिवस मनाने की तैयारी में हैं। अब ऐसा लगने लगा है कि यह महज औपचारिकता से ज्यादा और कुछ नहीं है ! ग्लोबल वार्मिंग के रूप में जो परिदृश्य आज हमारे सामने है, ऐसा यदि आगे भी बना रहा तो एक दिन वह भी हमारे सामने होगा जब पृथ्वी से जीव - जंतु एवं वनस्पतियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा ! हमने अपनी पृथ्वी को अपने अनुकूल बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष एक थीम को अपनाया है। इस वर्ष 2025 का पृथ्वी दिवस ₹ हमारी शक्ति, हमारा ग्रह ₹ थीम के रूप में रखा गया है। हमारी यह थीम अक्षय ऊर्जा के महत्व पर जोर देती है। साथ ही सन 2030 तक वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय




ऊर्जा उत्पादन को तीन गुना करने का आव्हान करती है। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य भी यही है कि सभी ग्रहों में पृथ्वी मानवीय समाज के लिए अलग स्थान रखती है। इसी ग्रह में जीवन संभव हो पा रहा है। इसी पृथ्वी में जल, हरियाली, वन्य प्राणी, प्रदूषण और इससे जुड़े अन्य कारक मौजूद हैं। आमजनों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से ही पूरे विश्व में 22 अप्रैल 1970 को पहली बार विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया था। वर्तमान में पृथ्वी की सबसे बड़ी चुनौती बढ़ती जनसंख्या है। पृथ्वी की कुल आबादी आज की स्थिति में आठ अरब के लगभग हो चुकी है। अपनी इस धरा पर बढ़ रहे दबाव को लेकर हम यह जानते हैं की आबादी का विस्फोट उपलब्ध संसाधनों पर नकारात्मक प्रभाव दिखाता है। यही कारण है कि पृथ्वी की नैसर्गिकता प्रभावित होती है। जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम से कम करना दूसरी सबसे बड़ी चुनौती दिखाई पड़ रही है। विश्व में बढ़ती जनसंख्या तथा औद्योगीकरण एवं शहरीकरण में तेजी से वृद्धि के साथ ठोस अपशिष्ट पदार्थ द्वारा उत्पन्न पर्यावरण प्रदूषण समस्या को और विकराल करने वाले कारण बन रहे हैं। हम मनुष्यों की कार्यशैली एवं जीवनशैली ने पर्यावरण को लगभग बर्बाद कर दिया है ! हमारी गतिविधियां और उन्हें कार्यरूप देने के तरीकों में सामंजस्य न होना ही आज की समस्या का मुख्य कारण है। बदलाव की दशा में सबसे पहला कदम यह होना चाहिए कि हम अपने कार्यों के प्रति सचेत हों। हमें परिस्थिति के अनुसार परिवर्तनों को आत्मसात करना होगा। पृथ्वी दिवस के अवसर पर हम सभी को पृथ्वी का प्रहरी बनकर उसे बचाने और आवश्यकता अनुसार उपभोग का संकल्प लेना होगा, तभी हम अपनी पृथ्वीं की लंबी उम्र की कामना कर सकते हैं। मनुष्य इस ब्रह्माण्ड का मस्तिष्क अथवा चेतना है। बावजूद इसके हैरानी की बात है कि हमारी पर्यावरणीय जिम्मेदारी स्पष्ट नहीं है। हमें यह स्वीकारना होगा कि हमने न केवल जलवायु चक्रों को प्रभावित किया है वरन ब्रह्मांड के जीवित स्वरूप को नष्ट कर जैविक लय को भी अवरुद्ध किया है ! ब्रह्मांड में सिवाय मनुष्य के किसी अन्य जीव के पास मनुष्य जैसे विशेषाधिकार नहीं हैं। केवल मनुष्य ही पृथ्वी को जीवंत रखने में प्रभावी योगदान कर सकता है। यदि पृथ्वी के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगता रहेगा तो इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इस विश्व पृथ्वी दिवस पर हमें संकल्प लेना होगा कि हम पृथ्वी और उसके वातावरण को बचाने का ही प्रयत्न नहीं करेंगे वरन अपनी जीवनशैली को भी पृथ्वी के अनुकूल ढालने का प्रयास करेंगे।

**एक नजर**

### 11 माह से पेंशन के लिए भटक रहे रिटायर्ड आरआई



**दंतेवाड़ा, 22 अप्रैल।** लंबे समय तक निष्ठापूर्वक शासकीय सेवा करने के बाद रिटायर हुए आरआई को पेंशन शुरू करवाने भटकना पड़ रहा है। जिला दंतेवाड़ा के कलेक्टर भू अभिलेख शाखा में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ रहकर सेवानिवृत्त हुए अजब सिंह ठाकुर को 11 माह बाद भी पेंशन शुरू नहीं हुई है। 62 वर्ष पूर्ण होने पर 31 मई 2024 को सेवानिवृत्त हुए थे, लेकिन अभी तक पेंशन राशि मिलना शुरू नहीं हुआ है, और ना ही वेतन से होने वाली कटौती जीपीएफ राशि एवं ग्रेच्युटी राशि का भुगतान किया गया है। पीड़ित का कहना है कि सेवानिवृत्त होने के बाद पैसे के अभाव के कारण आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लंबित स्वत्वों का भुगतान करवाने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं।

### आयुक्त ने आरआरआर सेंटर और ट्रांसफर स्टेशन का किया निरीक्षण

**रायपुर, 22 अप्रैल।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 2 के अंतर्गत महात्मा गाँधी वार्ड में नारायण हॉस्पिटल के समीप आरआरआर ( रिड्यूज, रियूज, रिसाइकिल ) सेंटर और ट्रांसफर स्टेशन का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। आयुक्त श्री विश्वदीप ने केन्द्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम के विभिन्न जोनों में प्रारम्भ किये गए आरआरआर सेंटर्स का समाजहित में केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन और रायपुर जिला प्रशासन की लोकहितकारी मंशा के अनुरूप अच्छी तरह से संचालन करना जोनों के माध्यम से सुनिश्चित करवाने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए है। आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि जनसहभागिता से आरआरआर सेंटर्स का सुचारु संचालन वार्डों में समाजहित में करने जनजागरण कर वार्डवासियों को अपने घरों की पुरानी वस्तुएँ आरआरआर सेंटर्स में देने अपील कर प्रोत्साहित किया जाये, ताकि पुरानी वस्तुओं का मलीन बस्तियों के रहवासियों को जागरूक बनाकर पूर्ण सदुपयोग शासन की मंशानुसार किया जा सके और मलीन बस्तियों के रहवासी आरआरआर सेंटर्स के माध्यम से पुरानी वस्तुएँ प्राप्त कर लाभान्वित हो सकें.

### अवैध हथियार के दो मामलों में 5 आरोपी गिरफ्तार, 3 देसी कट्टे, जिंदा कारतूस और बाइक जब्त

**कोरबा, 22 अप्रैल।** कोरबा जिले की पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल पाठक के मार्गदर्शन में थाना बांकीमोंगरा पुलिस ने यह सफलता हासिल की। दिनांक 20 अप्रैल 2025 को थाना बांकीमोंगरा क्षेत्र के घुड़देवा में आरोपी विकेश गुप्ता, धर्म सिंह राजपूत और सेवा सागर ने अवैध देसी कट्टा दिखाकर लोगों को डराने की कोशिश की। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर तीनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि इन आरोपियों ने आनंदराम बघेल और उनके बेटे सत्यलेख बघेल को भी अवैध हथियार बेचे थे। गिरफ्तार आरोपियों में बाकीमोंगरा थाने का कुख्यात बदमाश धरम सिंह ठाकुर भी शामिल है, जिसकी पहले से आपराधिक छवि रही है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान 3 देसी कट्टे, 3 जिंदा कारतूस, 1 मोटरसाइकिल और 5 मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

### सड़क किनारे मृत मिला एसईसीएल कर्मी, पास में मिली बाइक

**कोरबा 22 अप्रैल।** जिले के बांकी मोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्ला खार में सड़क किनारे खाई में सोमवार की सुबह एक युवक के शव देखे जाने से हड़कंप मच गया। शव के पास ही एक बजाज पल्सर बाइक भी पड़ी हुई थी। आशंका जताई जा रही है की बाइक सवार की अंधेरे में सड़क किनारे खाई में गिरने से मौत हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार मृतक की पहचान मिथलेश कुमार संग्राम 40 वर्ष के रूप में हुई है जो विकास नगर एम 116 में निवासरत था और एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में सरफेश माइनर में पदस्थ था। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं, मृतक का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम चैनपुर दीपका में किया जावेगा। घटना रविवार रात की बताई जा रही है, ग्रामीणों ने सुबह बाइक सवार का शव देखा और डायल 112 को सूचना दी जिसके बाद डायल 112 वाहन ने शव को नजदीक के अस्पताल लाया। पुलिस द्वारा मृतक के विषय में जानकारी जुटाते हुए परिजनों को सूचना दी गई।

# कड़मपाल से ओवरलोड माल लाना बंद करे एम,एनएस और एनएमडीसी

- **पीडब्लूडी पुलिया जर्जर हालत में, कभी भी हो सकती है अनहोनी घटना**
- **नए पुल का हो निर्माण, पुराने पुल को आम जन के आवागमन के लिए छोड़ा जाये**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**किरंदुल, 22 अप्रैल।** वार्ड नंबर 18 में बना पिडब्लूड़ी का पुल काफ़ी पुराना हो चूका है और लगातार ओवरलोड हाइवा का आना जाना इसी पुल से होता है जिसके कारण पुल कि हालत खस्ता है और कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, ज्ञात हो कि एनमडीसी का बड़ा स्लाइम्स का डेम और एम/एनएस का टैलिंग डेम कड़मपाल में स्थित है और वहाँ से रोजाना हज़ारो टन अयस्क को निकालकर बड़े बड़े टिप्परों से एनमडीसी के एमवी साइडिंग और एम/एनएस के प्लांट में ले जाया जाता है, इस परिवहन कार्य के लिए यही एकमात्र रास्ता है जिसके मध्य में पिडब्लूड़ी का ब्रिज आता है, सालों पहले जब इस पुल का निर्माण हुआ था तब बड़ी गाड़ियों का चलन नहीं था और 9 टन केपासिटी कि गाड़ियों से परिवहन कार्य किया जाता था, दूसरी बात उस वक्त ऐसआर और एम/एनएस अस्तित्व में ही नहीं आये थे सिर्फ आमजन के आवागमन के हिसाब से पुल का निर्माण किया गाया था, परन्तु आज हालात बदले हुवे है, वर्तमान में 10 चक्क और 12 चक्का वाहनों से कड़मपाल से प्रतिदिन लगभग 10 से 15 हजार मेट्रिक टन अयस्क का परिवहन किया जाता है, और इसी खस्ताहाल पुल से होकर प्रत्येक वाहन को गुज़रना होता है प्रत्येक वाहन कि भार क्षमता 20 से 25 टन है मगर प्रत्येक वाहन में 40 से 50 टन अयस्क भरकर परिवहन किया जाता है और इसी ओवर लोडिंग के कारण इस पुल कि हालत बिगड गयी है।

ज्ञात हो कि परिवहन ठेकदारों द्वारा किया जाता है , ठेकदारों को कम दर पे परिवहन कि निविदा दी जाती है AMNS और एनमडीसी के द्वारा जिस कारण ठेकेदार मज़बूरी वश अपने वाहनों में ओवरलोड अयस्क ले जाकर होने वाले नुकसान कि भरपाई करता है, अब ठेकदार के नुकसान कि भरपाई हो पाति है या नहीं ये तो नहीं मालूम मगर पुरे मार्ग का ज़बरदस्त नुकसान हो रहा है, जिसमें ये पुल भी शामिल है। उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी ने कहा कि एम/एनएस और एनमडीसी को संज्ञान लेने कि ज़रूरत है तत्काल प्रभाव से ओवर लोडिंग को बंद करवाना चाहिए जिससे कि भविष्य में होने वाली किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके, बड़ी बात ये है कि लगभग 40 50 सालों से इसी मार्ग से अयस्क कि धुलाई कि जाती है मगर आजतक इस मार्ग को पक्का नहीं किया गया, इस मार्ग के आसपास आदिवासियों के कई गांव है जहाँ के रहवासी इसी मार्ग से आना जाना करते है और आये दिन दुर्घटना का शिकार होते है, बारह मास ये मार्ग कीचड और पानी युक्त गद्दो से लबा लब रहता है, सालों से परिवहन का कार्य इस मार्ग से चल रहा और सालों तक चलना भी हैं तो दोनों प्रोजेक्ट द्वारा अयस्क परिवहन हेतु कोई स्थाई व्यवस्था क्यों नहीं की जाती ये बड़ा प्रश्न है, उपाध्यक्ष ने मांग कि है कि पिडब्लूड़ी पुल के समाननंतर एक नया पुल बनाया जाये और इस पुल को आमजन के लिए छोड़ा जाये क्युकी ये पुल ही किरंदुल को पलनार, नकुलनार, सुकमा होते हुवे आंध्रा और तेलंगाना के हैदराबाद से जोड़ता है और प्रतिदिन सरकारी कर्मचारियों शिक्षकों, पंचायत कर्मियों एवं ग्रामीणों हजारों कि संख्या में आना जाना रहता है।

## किरंदुल नगर के घड़ी चौक,11 बी खदान मार्ग पर स्ट्रीट लाइट नहीं

- **रात के समय दुर्घटना की आशंका से नागरिक भयभीत**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**किरंदुल, 22 अप्रैल।** नगर के घड़ी चौक से एनएमडीसी की 11बी लौह अयस्क खदान तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर रात के समय स्ट्रीट लाइट नहीं होने के कारण क्षेत्र के नागरिकों में भय का माहौल है। यह मार्ग एनएमडीसी परियोजना द्वारा निर्मित है और यही एकमात्र मुख्य रास्ता है जो खदान क्षेत्र के साथ-साथ आसपास की कॉलोनियों के लिए भी आवागमन का प्रमुख साधन है। इस मार्ग पर एनएमडीसी की भारी वाहन जैसे बस, ट्रक, ट्रेलर सहित छोटे वाहन लगातार चलते रहते हैं। लेकिन रात के अंधेरे में रोशनी की व्यवस्था न होने से पैदल चलने वाले राहगीर हमेशा दुर्घटना की आशंका में रहते हैं। कई लोग रात के समय इस मार्ग से गुजरने में डर महसूस करते हैं, जिससे अप्रिय घटनाओं की संभावना बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस रास्ते पर पर्याप्त रोशनी न होने के कारण असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। बीते कुछ दिनों में इस मार्ग पर रात के अंधेरे में हत्या जैसे संगीन अपराध भी हो चुके हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर लोगों की चिंता और बढ़ गई है। स्थानीय निवासी श्री रामनारायण साहू ने बताया, ÷रात के समय जब हम काम से लौटते हैं, तो इस रास्ते पर अंधेरा होने के कारण बहुत डर लगता है। कई बार भारी वाहन इतने नजदीक से गुजरते हैं कि जान का खतरा महसूस होता है।

## धरमपुरा राकसमुंडा तालाब में कब्जे की होगी जांच

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**जगदलपुर, 22 अप्रैल।** तालाब कब्जा एक गंभीर समस्या है जो जगदलपुर में देखी जा रही है। इससे न केवल जल संसाधन प्रभावित होते हैं बल्कि लोगों के जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तालाबों पर अवैध कब्जे को रोकने के लिए कानूनी उपाय उपलब्ध है लेकिन इस समस्या से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। राकसमुंडा तालाब किसी व्यक्ति द्वारा सरकारी तालाब पर अवैध रूप से कब्जा होने की बात कही जा रही है। गुरु गोविंद सिंह वार्ड मे स्थित राकसमुंडा तालाब सालों से किसी व्यक्ति द्वारा कब्जा किया हुआ है इस बात को वार्ड वासी एवं पटेल पुजारी भी जानते हैं। वार्ड वासियों की शिकायत पर पार्षद संग्राम सिंह राणा, तहसीलदार रूपेश कुमार मरकाम एवं पटवारी बी.आर. पोरते की उपस्थिति में स्थल का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार मरकाम ने कहा वार्ड वासियों के शिकायत पर स्थल का निरीक्षण किया गया है पुराने रिकॉर्ड निकला जाएगा।



## 4 नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ किया गिरफ्तार

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**सुकमा, 22 अप्रैल।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य मुखबिर के आसूचना पर रविवार को थाना केरलापाल से सउनि रामचन्द्र सविता के हमराह डीआरजी नवम्बर एवं थाना केरलापाल जिला पुलिस बल की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम सिरसेट्टी, गोगुण्डा, पोंगाभेज्जी की ओर व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम सिरसेट्टी एवं गोगुण्डा के मध्य कुछ संदिग्ध व्यक्ति थैला पकड़े हुए थे जो पुलिस पार्टी को देखकर लुकने-छिपने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया, पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर क्रमषः अपना नाम 01.माड़वी जोगा पिता स्व. भीमा (मिलिशिया सदस्य) उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी गोगुण्डा इत्तापारा थाना केरलापाल जिला सुकमा (छ0ग0) 02. मुचाकी कोसा पिता मासा (मिलिशिया सदस्य) उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी गोगुण्डा इत्तापारा थाना केरलापाल जिला सुकमा (छ0ग0) 03. मुचाकी देवा पिता जोगा (मिलिशिया सदस्य) उम्र 37 वर्ष जाति मुरिया निवासी गोगुण्डा इत्तापारा थाना केरलापाल जिला सुकमा (छ0ग0) एवं 04.माड़वी हिड़मा पिता स्व. जोगा (मिलिशिया सदस्य) उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी गोगुण्डा इत्तापारा थाना केरलापाल जिला सुकमा (छ0ग0) का होना तथा आईईडी लगाकर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने हेतु रेकी करना बताये, सभी संदिग्धों के थैलो को चेक करने पर क्रमषः 01 माड़वी जोगा पिता स्व. भीमा के कब्जे से 01 टिफिन बम लगभग 04 किग्रा 02. मुचकी कोसा पिता मासा 02 नग डेटोनेटर 04 नग बैटरी 03. मुचाकी देवा पिता जोगा के कब्जे से 04 नग जिलेटिन रॉड, 04. माड़वी हिड़मा पिता जोगा के कब्जे से 13 मीटर इलेक्ट्रीक वायर एवं 01 मीटर कॉडेक्स वायर बरामद किया गया।

**घेराव...**



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व में प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर आयोजित मुख्यमंत्री निवास घेराव में बस्तर कांग्रेस के नेतागण शामिल हुए।

## उपासने ने घोषित किए लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश पदाधिकारी

**रायपुर, 22 अप्रैल।** लोकतंत्र प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने लोकतंत्र सेनानी संघ के उत्तराधिकारी व सहयोगी संगठन लोकतंत्र प्रहरी की छत्तीसगढ़ इकाई के संगठन हेतु प्रदेश पदाधिकारियों की निम्नानुसार घोषणा की है , जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस ,भिलाई.सह अध्यक्ष अमित छाबड़ा,डोंगरगढ़.प्रदेश उपाध्यक्ष गण हेमंत उपासने,रायपुर.कृष्णकांत पवार,बालोद. विरेश सिंह,सूरजपुर व मनोज निर्वाणी,राजनांदगांव,प्रदेश महामंत्री गण हरमिंदर सिंह टिन्नी ,अंबिकापुर.श्रीमती अंजना जायसवाल,मुंगेली.नरेंद्र शर्मा,तिल्दा नेवरा.शशांक शुक्ला,रायपुर.प्रदेश मंत्री गण विनय मोटवानी,बिलासपुर. जितेंद्र गुप्ता,जशपुर .मंगेश टांगसाले, महासमुंद.सुश्री मधु यादव,रायपुर.कोषाध्यक्ष श्रीमती मधु विजय पटेल, अंबिकापुर.देवेंद्र पुनीतराम साहू,राजिम.प्रदेश कार्यालय मंत्री संतोष शर्मा , मीडिया प्रभारी आलोक श्रीवास्तव व सोशल मीडिया प्रभारी अभिजीत पांडे को मनोनीत किया गया है।

## जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर रहे आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण



**सुकमा, 22 अप्रैल।** जिले में मोर दुआर-साय सरकार÷ के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में मोर आवास मोर अधिकार के संकल्प को साकार करने हेतु सर्वे अभियान संचालित किया जा रहा है। ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा पीएम आवास प्लस योजनांतर्गत घर घर भ्रमण कर पात्र हितग्राहियों को जागरूक कर सर्वे किया जा रहा है। जिला पंचायत सुकमा के अध्यक्ष श्रीमती मंगम्मा सोयम के द्वारा जनपद पंचायत कोंटा के ग्राम पंचायत एर्राबोर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण महा अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों का सांकेतिक रूप से आवास प्लस सर्वे किया गया एवं शत प्रतिशत सर्वे पूर्ण किए जाने हेतु सर्वेयर को निर्देशित किया गया।

- **जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया पीएम आवास प्लस का सर्वे**
- **पीएम आवास पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल**

## बड़े सेट्टी के ग्रामीण जुड़े डिजिटल इंडिया से

**सुकमा, 22 अप्रैल।** नक्सल सदस्य मुक्त ग्राम पंचायत बनने के बाद शासन की कल्याणकारी योजनाएं तीव्र गति से बड़े सेट्टी पहुंच रही हैं। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में शिविर लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है तथा उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। नक्सलमुक्त पंचायत बनते ही बड़ेसट्टी ग्राम पंचायत में सीएससी की सुविधा शुरू हो गई है। ग्रामीणों के एग्रिस्टेक फार्मर आईडी बनाये जा रहे हैं और साथ ही आधार इनेबल पेमेंट सिस्टम चालू किया गया है। इससे ग्रामीणों को बैंक की सुविधा अपने गांव में ही मिलने लगी है। ग्रामीणों को पैसे जमा करने और निकालने में सहूलियत होगी। आधार से पैसे निकालने पर बुजुर्ग और महिलाओं ने खुशी जाहिर की और इसे सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इसी तरह शिविर लगाकर ग्रामीणों के बैंक खाते खोले गए, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। जिला प्रशासन के द्वारा शासकीय योजनाओं की शत प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आवश्यकतानुसार शिविर भी लगाये जा रहे हैं। ऑनलाइन सेवा पहुँचने में सीएससी सुकमा के जिला प्रबंधक शेख शाहरुख का सराहनीय योगदान रहा।



- **नक्सल सदस्य मुक्त पंचायत में आधार से पैसे का लेन-देन प्रारंभ**

## विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजन

**जगदलपुर, 22 अप्रैल।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बस्तर के पर्यावरण उपसमिति ने एक बैठक आयोजित की है। इस बैठक में सभी पर्यावरण विद् जो पर्यावरण के क्षेत्र में रुचि रखते हैं उनसे अपील की है कि आप इस बैठक में उपस्थित हों, चर्चा में भाग लेवें, अपने सुझाव दें जिससे सभी मिलजुल कर जगदलपुर एवं बस्तर जिला में पर्यावरण के क्षेत्र में सभी के सहयोग से अच्छा कार्य कर सकें। यह बैठक 22 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को वन विद्यालय जगदलपुर के सभागार में दोपहर 3÷00 बजे से आयोजित होगी। सभी से प्राप्त सुझावों एवं सहयोग के आधार पर रेड क्रॉस सोसाइटी की पर्यावरण उप समिति कार्य करेगी। इस उप समिति के अध्यक्ष विधु शेखर झा ने बताया कि जगदलपुर एवं संपूर्ण बस्तर जिला में हम जहां भी रहते हैं ,जो भी कार्य करते हैं ,उसके साथ-साथ अपने आसपास के वातावरण में पर्यावरण सुधार के लिए अपनी ओर से जो भी संभव होगा वैसा कार्य करें ,लोगों को प्रेरित करें, जिससे हमारे क्षेत्र की पहचान प्राकृतिक रूप से हरे भरे क्षेत्र के रूप में बनी रहे। इस हेतु इस महत्वपूर्ण बैठक में निर्धारित समय और स्थान पर सभी पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले सादर आमंत्रित हैं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**जगदलपुर, 22 अप्रैल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव ने सोमवार को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में ज्योति नर्सरी से करकापाल जंक्शन एवं बोधधाट थाना तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समय सीमा में काम करने के आवश्यक निर्देश दिये। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने जगदलपुर के जनमानस की बहुप्रतीक्षित मांग ज्योति नर्सरी से करकापाल एवं बोधघाट थाना तक 4.50 किलोमीटर सड़क,जिसकी लागत 9 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि से सड़क मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण निर्माण कार्य हो रहा है जिसके निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। देव ने बताया इस मार्ग की मांग वर्षों से क्षेत्रवासियों ने किया था , हमारी सरकार बनने के पश्चात इस मार्ग की मांग माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव जी से मांग रखा गया था जिस पर हमारी डबल इंजन की सरकार ने स्वीकृति के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। निर्माण कार्य तेरी गति से चल रहा है जिसका 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्य को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा और जनता को जल्द सड़क निर्माण का सौगात प्राप्त होगा। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों एवं शहर वासियों को आवागमन की काफी सुविधा होगी। देव ने कहा कि जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगातार चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनमानस को मूलभूत सुविधा देना हमारा दायित्व एवं कर्तव्य है जिसको हमारी सरकार में लगातार पूरा किया जा रहा है । प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है।

- **गुणवत्ता एवं समय सीमा में कार्य करने का दिये निर्देश**
- **ज्योति नर्सरी से करकापाल व बोघघाट थाना तक 4.50 किलोमीटर सड़क, का 9 करोड़ 36 लाख से हो रहा निमार्ण**

**पदभार**

# दंतेवाड़ा में नये कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया पदभार ग्रहण

- **जिले में चल रहे विकासात्मक गतिविधियों के संबंध में ली जानकारी, सुशासन तिहार के आवेदनों के समाधान पर कार्य योजना बनाने अधिकारियों को दिया दिशा निर्देश**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**दंतेवाड़ा, 22 अप्रैल।** दंतेवाड़ा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने सोमवार, 21 अप्रैल को अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के अधिकारी श्री दुदावत पूर्व में कोंडागांव जिले में कलेक्टर तथा बिलासपुर नगर निगम में आयुक्त के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नवपदस्थ कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज संयुक्त कलेक्टोरेट भवन के डंकनी सभाकक्ष में पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिले के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया एवं जिले की विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से सत्यनिष्ठा, समर्पण, से कर्तव्य निर्वहन पर बल देते हुए कहा कि वे नियत समय पर अपने कार्यालय पर उपस्थित होवें। न केवल अधिकारी बल्कि उनके अधीनस्थ कर्मचारी भी कार्यालयों पर समय पर आवें। इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के प्राप्त आवेदनों पर किए जा रहे निराकरण के संबंध में कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत दो तरह के आवेदन शिकायत और मांग आवेदन विभागों के समक्ष आ चुके है। इस संबंध में शिकायत संबंधित आवेदनों पर विभाग प्रमुखों से पूरी तत्परता से निराकरण की अपेक्षा है जबकि मांग संबंधी आवेदनों के निराकरण में विभागीय बजट के अनुसार समाधान को प्राथमिकता देवें। इसके अलावा शासन स्तर के मांगों के लिए आवेदकों को सौम्य भाषा में निराकरण की प्रक्रिया से अवगत कराना सुनिश्चित करें। चूंकि 5 मई तक आवेदनों का समाधान किया जाना है अतः इसे सभी विभाग सर्व प्राथमिकता देवें। नियद नेल्लानार के संबंध में नवागन्तुक कलेक्टर ने कहा कि केंद्र और राज्य संबंधी जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं है उसका नियद नेल्लानार ग्रामों को लाभान्वित कराना प्रमुख उद्देश्य है अतः इस संबंध में आगामी दिवस में विभागवार बैठक ली जाएगी। इसके साथ ही बैठक में राजस्व पखवाड़े के अंतर्गत राजस्व अधिकारियों को जाति प्रमाण पत्र बनाने, सीमाकंन, बटवारा, बी-1 खसरा वाचन से संबंधित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने, नक्सली परिवारों के पुनर्वास हेतु कौशल विकास कार्यक्रमों के संचालन, नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्वच्छता के संबंध में सामाजिक श्रमदान जैसी गतिविधियां चलाने के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### 30 अप्रैल तक लगवाना होगा एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं तो होगी कार्रवाई

**रायगढ़, 22 अप्रैल।** जिले में 2019 से पहले पंजीकृत सभी पुराने वाहनों के लिए हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट ;एचएसआरपीद्ध लगवाना अब अनिवार्य कर दिया गया है। परिवहन विभाग द्वारा इसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। तय समय.सीमा के भीतर यदि वाहन में एचएसआरपी प्लेट नहीं लगाई जाती हैए तो वाहन मालिकों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। वाहन मालिक वेबसाइट पर जाकर एचएसआरपी के लिए आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट पर जाकर वाहन का विवरण दर्ज कर संबंधित विकल्प का चयन किया जा सकता है। यदि किसी को ऑनलाइन आवेदन में कठिनाई होए तो वह समीपस्थ परिवहन सुविधा केंद्र जाकर भी सहायता प्राप्त कर सकते है।

### 24 अप्रैल विभागीय जांच प्रकरण में सुनवाई के लिए भृत्य बिफनाथ को भेजा गया सूचना पत्र

**रायगढ, 22 अप्रैल।** तहसील कार्यालय खरसिया में पदस्थ भृत्य बिफनाथ को विभागीय जांच प्रकरण में 24 अप्रैल 2025 को सुनवाई हेतु उपस्थित होकर जांच में सहयोग करने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है। भृत्य बिफनाथ की उक्त अवधि में अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर अनुशासनिक प्राधिकारी को संसूचित कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के आदेशानुसार अपर कलेक्टर रायगढ़ को जिला विभागीय जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। भृत्य.बिफनाथ के विरूद्ध इस न्यायालय में जांच कार्यवाही प्रक्रियाधीन है एवं प्रकरण के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि इस विभागीय जांच की कार्यवाही के प्रारंभ से जांच कार्यवाही में सहयोगध्उपस्थित होने भृत्य बिफनाथ को कई बार सूचित किया गया एवं उनके अंतिम निवास पते पर सूचना पत्र चस्पा तामिल भी कराया गया था

### निःशुल्क कम्प्यूटराइज्ड अकाउंटिंग प्रशिक्षण 28 से होगा प्रारंभ

**रायगढ, 22 अप्रैल।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानए रायगढ़ में कम्प्यूटराईज्ड अकाउंटिंग सहायक बुक कीपरद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 28 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवती एवं महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाना हैं।प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 10 वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षाणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टीवी टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी एवं पंजीयन के लिये मोबाइल नंबर 7974942078, 7999984982, 9303060375,9131360303 में संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहनाए खाना एवं सीखना पूर्णतरू निरूशुल्क हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35.35 सीट निर्धारित हैं। विशेष रोजगार गारंटी के तहत् एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन कार्य किया हैं। तो उसे रोजगार गारंटी के तहत् प्रति दिवस 243 की दर से भत्ता भी प्रदान किया जाएगा।

### वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाएं

**महासमुंद 22 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर सड़क सुरक्षा नियमों एवं सुरक्षा संबंधी उपायों के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शाला खोलने और बंद करने के दौरान भारी वाहन के आवागमन और परिवहन पर विशेष सतर्कता बरती जाएं। इस दौरान भारी वाहनों के गुजरने पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने परिवहन अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारियों को इस बाबत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि स्कूल परिसर और मुख्य दरवाजे के सामने भारी वाहनों के पार्किंग पर भी कार्रवाई करें तथा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, जिला परिवहन अधिकारी श्री रामकुमार ध्रुव एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि विशेष तौर पर स्कूली बच्चों के आने-जाने के समय इस बात का ख्याल रखा जाए। बच्चों के स्कूली वाहन में सुरक्षा के सभी मापदंड पूरे हो। स्कूल प्रबंधन की यह जवाबदारी है कि स्कूल वाहनों में बच्चों की संख्या ओवर लोडेड न हो। साथ ही सुरक्षा संबंधी सभी उपायों का पालन करें। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी-कर्मचारी भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। कार्यालय आने-जाने के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट लगाएं।

# शासन की मंशा के अनुरूप हर योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा:उईके



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 22 अप्रैल।** गरियाबंद जिले में नवागत कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने कार्यभार ग्रहण किया।वे 2016 बैच के आई.ए.एस. है और जिले के 13वें कलेक्टर है इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सम्मान एवं विदाई समारोह में जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नव नियुक्त कलेक्टर का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। साथ ही, निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल को स्मृतिचिन्ह भेंटकर भावपूर्ण विदाई दी, जिन्हें राज्य सरकार ने नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के पद पर स्थानांतरित किया है। यह समारोह, उत्साह और भावुकता का एक अनूठा संगम बन गया।नवागत कलेक्टर श्री उइके ने अपने संबोधन में गरियाबंद के विकास की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, वनांचल और आदिवासी बाहुल्य इस जिले में विकास के नए द्वार खोलने की पूरी संभावना है। शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं को निरंतरता के साथ लागू कर जनहित में कार्य किए जाएंगे। मेरा प्रयास होगा कि जिलेवासियों को शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ मिले। उन्होंने कहा की श्री अग्रवाल द्वारा चलाया जा रहे योजनाओं को आगे भी यथावत जारी रखा जाएगा। निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए भावुकता के साथ अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, गरियाबंद की समर्पित प्रशासनिक टीम के सहयोग से लोकसभा निर्वाचन, राजिम कुंभ मेला, पंचायत और नगरीय निकाय निर्वाचन जैसे बड़े आयोजनों को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। गौरव गरियाबंद अभियान टी.बी. मुक्त अभियान सुपोषण अभियान, प्रयास कोचिंग, नवोदय कोचिंसेल्फी विद ईपिक और पोषण निवेश जैसे नवाचारों ने जिले को राज्य में विशिष्ट पहचान दिलाई।÷ उन्होंने जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत को सराहा और भविष्य में भी विकास की गति बनाए रखने की शुभकामनाएं दीं।समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने श्री अग्रवाल के कार्यकाल की उपलब्धियों को याद करते हुए उनकी प्रशासनिक कुशलता और नेतृत्व क्षमता की जमकर तारीफ की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.आर. मरकाम ने कहा, ÷श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में हमें व्यावहारिक और प्रशासनिक कार्यों में अभूतपूर्व सहयोग मिला। उनकी कार्यशैली प्रेरणादायक रही।÷ अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय ने श्री अग्रवाल द्वारा बायोमैट्रिक उपस्थिति और समय प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए सुधारों की सराहना की। जल संसाधन विभाग के ई.ई एस.के. बर्मन, उप संचालक पशुपालन श्री ओ.पी. तिवारी और डीपीओ श्री अशोक पाण्डेय ने भी श्री अग्रवाल के योगदान को मील का पत्थर बताते हुए नवागत कलेक्टर श्री उइके के साथ मिलकर जिले को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।यह समारोह न केवल एक प्रशासनिक बदलाव का साक्षी बना, बल्कि एकता, समर्पण और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक भी रहा। श्री अग्रवाल की विदाई के पल जहां सभी के लिए भावुक कर देने वाले थे, वहीं श्री उइके के स्वागत ने जिले में नए जोश और उम्मीदों का संचार किया।

### योजनाओं का शत-प्रतिशत बेहतर क्रि यान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी

नवनियुक्त कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने जिला कार्यालय में निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल से कार्यभार ले पदभार ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान कलेक्टर दिपक अग्रवाल ने नवनियुक्त कलेक्टर श्री उईके को पुष्प गुच्छ भेंटकर नए दायित्वो के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि 2016 बैच के आईएएस श्री उईके गरियाबंद जिले के 13वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त किये गये हैं। पदभार ग्रहण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर श्री उईके का स्वागत किया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से परिचयात्मक चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री उईके ने जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत व बेहतर क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित किया जाय।

## मितानिन संघ ने विधायक विक्रम मंडावी को सौंपा चार सूत्रीय मांग पत्र



**बीजापुर, 22अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोमवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मितानिन संघ के पदाधिकारियों ने स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी से मुलाकात कर चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मितानिन कार्यकर्ताओं और प्रशिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार से त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

मितानिन संघ ने अपने ज्ञापन में बताया कि पिछले 22 वर्षों से मितानिन कार्यकर्ता और प्रशिक्षक निस्वार्थ भाव से स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद, उनकी मांगों की लगातार अनदेखी हो रही है।मितानिन संघ के द्वारा विधायक विक्रम मंडावी को सौंपे गए ज्ञापन की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं, 1. मानदेय में वृद्धि~ संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र (क्रमांक एन-15/2024/163, दिनांक 10.12.2024) में उल्लेखित मानदेय में 50त्न वृद्धि के आदेश को तत्काल लागू करना। 2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ह्यरू) दिशा-निर्देश~ मितानिनों और प्रशिक्षकों के लिए ह्यरूगाइडलाइन के अनुसार स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना। 3. पेंशन और बीमा~ मुख्यमंत्री कल्याण कोष से मितानिनों के लिए पेंशन और बीमा योजना लागू करना। और 4. एनजीओ और ठेका प्रथा से मुक्ति~ मितानिनों को एनजीओ या ठेका प्रथा के तहत कार्य करने के लिए बाध्य न किया जाए।मितानिन संघ की मांगों को जायज बताते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि मितानिन समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं और उनकी मांगों को सरकार को गंभीरता से पूरा करना चाहिए। उन्होंने मितानिनों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को उचित मंच पर उठाया जाएगा। विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि मितानिन कार्यक्रम के तहत कार्यरत कार्यकर्ता और प्रशिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इनकी सेवाओं को नजरअंदाज करना न केवल उनके साथ अन्याय है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी असर डाल सकता है।

## आरक्षक मनोज पुजारी माओवादियों के लगाये गये आईईडी के ब्लास्ट होने से शहीद



**बीजापुर, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहीद जवान के पार्थिव देह को रक्षित केन्द्र बीजापुर स्थित शहीद वाटिका में Guard of Honour (सलामी/श्रद्धांजली) दी गई।

इस दौरान जन प्रतिनिधि भूतपूर्व वनमंत्री श्री महेश गागड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति जानकी कोरसा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री घासीराम नाग, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप, उप महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर श्री देवेन्द्र सिंह नेगी, कलेक्टर बीजापुर श्री संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, अति पुलिस अधीक्षक श्री मयंक गुर्जर, अति पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकांत गवर्ना, अति पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री युलैण्डन यार्क, उप पुलिस अधीक्षक श्री घनश्याम कामड़े, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी श्री विनीत साहू, शहीद जवान के परिजन,अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## स्वस्थ रहने के लिए वात, पित्त और कफ का संतुलन होना जरूरी

**रायगढ़, 22 अप्रैल।** जिला आयुष अधिकारी डॉ.सीएस गौराहा के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालयए रायगढ़ में पदस्थ डॉप्ररविशंकर पटेल ;एमडी कार्यचिकित्सा के द्वारा बासन्तिक वमन का आयोजन किया गया। 15 फरवरी से 15 अप्रैल तक चले बासन्तिक वमन में कुल 32 लोगों को लाभ दिया गया। आयुर्वेद सिद्धांत के अनुसार शरीर के स्वस्थ रहने के लिए वातए पित्त और कफ इन त्रिदोषों का संतुलन होना जरुरी है जहाँ इनमें से किसी भी एक दोष का संतुलन बिगड़ता तो शरीर में विषाक्त तत्व आम ;टॉक्सिनद्ध का निर्माण होता है जो शरीर में विभिन्न रोगों की उत्पत्ति का एक प्रमुख कारण बनता है। पंचकर्म चिकित्सा से शरीर का शोधन कर त्रिदोषों को संतुलित किया जाता है और विषाक्त तत्व को शरीर से बाहर कर दिया जाता है। डॉ रविशंकर पटेल ने वमन कर्म के बारे में बताया कि कफ दोष से होने वाली बीमारियों की एक विशेष शोधन चिकित्सा है। कफ दोष का प्रमुख स्थान अमाशय को माना गया है और वमन कर्म से कफदोष एवं अमाशय दोनों की शुद्धि होती है। वमन कर्म में मदनफलए मुलेठी आदि औषधि द्रव्यों का प्रयोग कर मुख मार्ग से उल्टी के माध्यम से दूषित कफ और पित्त दोष को शरीर से बाहर निकाल दिया जाता है। वमन कर्म 2 प्रकार से किया जा सकता है.स्वस्थ व्यक्ति में स्वास्थ्य संरक्षणार्थ हर वर्ष बसंत ऋतु में एवं 2 वमन साध्य रोगों में जैसे सर्दीए खांसीए श्वास रोगए अस्थमाए अजीर्णए अम्लपित्तए थाइरोइडए बीपीए कॉलेस्ट्रॉलए चर्म रोगए एलर्जीए ग्रंथिए फाइलेरिया इत्यादि में व्याधि हरणार्थ किसी भी ऋतु में। आयुर्वेद में दोशात्मक चिकित्सा को महत्व दिया जाता है रोग का नामकरण कुछ भी हो केवल शारीरिक लक्षणों के आधार पर व्याधि के मूल कारणए दोषों का निर्धारण किया जाता है और दोषानुसार शमन ;औषधद्ध या शोधन ;पंचकर्मद्ध चिकित्सा का प्रयोग करने से व्याधि पूरी तरह ठीक हो जाती है। जनसामान्य में ऐसी धारणा बनी हुई है कि थाइरोइडए बीपीए मधुमेह जैसी बीमारियां कभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं होती इसके लिए आजीवन दवाईयां लेनी पड़ती है लेकिन ऐसा नहीं है ये सभी बीमारियां जीवनशैली से जुड़ी हुई हैए खराब जीवनशैली के कारण उत्पन्न शारीरिक लक्षणो के आधार पर व्याधि के मूल निदान ;विकृत दोषोंद्ध का सही परिज्ञान कर अवस्था नुसार की गई शमन या शोधन चिकित्सा से इन व्याधियों को उसी प्रकार नष्ट किया जा सकता है जैसे किसी वृक्ष के आश्रय मूल ;जड़द्ध को काट देने से सम्पूर्ण वृक्ष नष्ट हो जाता है।

डॉ रविशंकर पटेल ने कहा जिस प्रकार भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए जीवन बीमा आदि उपायों का हर वर्ष नवीनीकरण किया जाता ठीक उसी प्रकार शरीर को कफज व्याधि से मुक्त रखने के लिए हर वर्ष बसंत ऋतु में स्वस्थ व्यक्ति को एक बार वमन कर्म जरूर कराना चाहिए। बासन्तिक वमन में हॉस्पिटल स्टॉफए शिव परीक्षाए मालती बाईए किशोर बाग का विशेष सहयोग रहा।

### दीपांजलि बिसी का शीघ्रता से निराकृत हुआ नवीन राशन कार्ड का आवेदन

**महासमुंद 22 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में संचालित यह अभियान, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़रूरतमंदों तक पारदर्शिता और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से पहुँचाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाना और शासन-जनता के बीच सेतु का कार्य करना है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की किरण पहुँच सके। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत बसना के वार्ड क्रमांक 01 की निवासी श्रीमती दीपांजली बिसी, पति श्री श्रीकांत बिसी द्वारा प्रस्तुत नवीन राशन कार्ड हेतु आवेदन का शीघ्रता से परीक्षण किया गया।

## सुरक्षा बलों पर माओवादियों ने की फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में एक मृत,हथियार,बम बरामद

**बीजापुर, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अभियान के दौरान शाम 05.30 बजे के आसपास केरपे एवं तोड़समपारा के मध्य पूर्व से घात लगाये बैठे माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। जवाब में सुरक्षा बलों के द्वारा सुरक्षित आड़ लेकर जवाबी कार्यवाही गई। मुठभेड़ समाप्त होने पर सर्च कार्यवाही दौरान मुठभेड़ स्थल से 01 माओवादी का शव, 315 बोर राइफल, टीफिन बम, पोच, पटाखे आदि बरामद किया गया है। मुठभेड़ स्थल पर खून के धब्बे एवं घसीटने के निशान मिले है, जिससे और भी माओवादियों के मारे जाने एवं घायल होने की प्रबल संभावना है। मुठभेड़ में मारे गये माओवादी के शव शिनाख्तगी की कार्यवाही की जा रही है। सर्च अभियान जारी है। विस्तृत जानकारी से पृथक से अवगत कराई जावेगी।

# घायल नर बाघ मामले में आरोपी जेल भेजा गया



**बीजापुर, 22 अप्रैल ।** दिनांक 16/04/2025 को इन्द्रावती टायगर रिजर्व, बीजापुर के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र बीजापुर बफर के कक्ष क्रमांक 135 में घायल स्थिति में पाया गया एक नर बाघ को वन अमले की रेस्क्यू टीम द्वारा सफलतापूर्वक ईलाज हेतु जंगल सफारी, नया रायपुर भेजा गया। इस घटना की जांच हेतु श्री केदार कश्यप जी मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा शासन के मार्गदर्शन में श्री सुधीर अग्रवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (व.जी.) छ.ग. के आदेशानुसार श्री आर.सी. दुग्गा, मुख्य वन संरक्षक (व.जी.) एवं क्षेत्रीय निदेशक, इन्द्रावती टायगर रिजर्व एवं श्री संदीप बलगा, उप निदेशक, इन्द्रावती टायगर रिजर्व द्वारा वन अमले की टीम घटन की गई है। जांच दल द्वारा घटना स्थल के आसपास सही तथ्यों का पता लगाने उपरान्त मृतक आरोपी कन्ना चापा पिता समैया चापा, निवासी-कांदुलनार एवं सह आरोपी मनीष पुलसे पिता पुलसे बाबू निवासी - कांदुलनार के द्वारा फंदा लगाकर वन्यप्राणी को क्षति पहुंचाने की कृत्य किया गया। वन जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 (यथा संशोधित 2022) की विभिन्न धाराओं के तहत् कार्यवाही कर वन अपराध प्रकरण कायम कर आरोपी श्री मनीष पुलसे पिता पुलसे बाबू निवासी- कांदुलनार को जांच अधिकारी के द्वारा दिनांक 21/04/2025 को रिमाण्ड लेकर जेल दाखिल किया गया। आरोपी के द्वारा वन्यजीव को क्षति पहुंचाने के साथ-साथ जैव विविधता को नुकसान भी पहुँचा रहे हैं।

## 195 बटालियन सी कंपनी में पदस्थ आरक्षक सुजॉय पाल की करेंट लगने से हुई मौत

**बीजापुर, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 21/04/2025 को कैम्प में पदस्थ आरक्षक को शाम 06:15 बजे विद्युत करेंट लगने से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगालूर भर्ती किया गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगालूर में डॉक्टर द्वारा उपचार के दौरान आरक्षक को मृत घोषित किया गया।सूचना पर थाना गंगालूर में मर्ग इंटिमेशन कायम कर शव का पीएम कराया गया है।



आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरान्त आरक्षक के शव को गृहग्राम Bagdah, District North wy Pargana State West Bengal के लिए रवाना किया गया है। प्रकरण में अग्रिम जांच थाना गंगालूर द्वारा की जा रही है।

## मिर्ची तोड़ने तेलंगाना गए ग्रामीण की लू लगने से मौत

**बीजापुर, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रोजी रोजगार के.अभाव मे. जिले के गंगालूर क्षेत्र के पुसनार गांव से मिर्ची तोडने की मजदूरी करने गये एक ग्रामीण की लू लगने से मौत हो गई है इस संबंध मे अधिकारिक रूप. से कोई जानकारी नहीं मिली है पर बताया जा रहा है कि मृतक ग्रामीण रोजगार के अभाव मे मिर्ची तोडने की मजदूरी करने तेलंगाना गया हुआ था जहां भीषण गर्मी के चलते लू.लगने से मौत हो गई है यहां बता दे यह वहीं क्षेत्र है जहां से चंद किलोमीटर दूर पहाड़ियों से अरबों खरबो का लोहा दशकों से.निकाल कर बेचा जा रहा है फिर भी यहां के आदिवासी ग्रामीण रोजगार के लिए दूसरे राज्य जा रहे है जो चिंता का विषय है श्रम विभाग को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है मृत युवक पुसनार गांव का बताया गया हैमृतक ग्रामीण का नाम पुनेम नन्नू 25 वर्ष बताया गया घटना वैंकटापुरम मंडल के वीरभ्रद्रवारम जिला मुलुगु की है।

## लापरवाह संविदा फार्मासिस्ट की सेवा समाप्त

**बीजापुर, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मद्देड प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 वर्षो से पदस्थ फार्मासिस्ट सुरेश चंद्र पाढ़ी की जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आकस्मिक जांच के दौरान कई कमियां पाई गई, इस दौरान दवाईयों की एक्सपायरी मेंटेन रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर में गड़बड़ी पाई गई और कई बार मौखिक आदेश आदेश के बाद लिखित आदेश देने पर भी संबंधित फार्मासिस्ट आदेशों का अवहेलना करने के कारण एवं कार्य में लापरवाही बरतने से विभाग की छवि धूमिल होने के कारण जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुजारी ने फार्मासिस्ट की सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया।

### निःशुल्क चार पहिया वाहन प्रशिक्षण के लिए 23 अप्रैल तक करा सकते हैं पंजीयन

**महासमुंद 22 अप्रैल।** जिले में ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए भारत सरकार की योजना के तहत संचालित ''बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान'' बरोण्डा बाजार में ''चार पहिया वाहन प्रशिक्षण'' प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए उपलब्ध है। इस कार्यक्रम में कुल 35 सीटें निर्धारित हैं, जिनमें से 10 सीटें अभी भी रिक्त हैं। इच्छुक उम्मीदवार 23 अप्रैल तक अपना आवेदन कर सकते हैं।पंजीयन हेतु दस्तावेज में आधार कार्ड की 2 फोटोकॉपी, बी.पी.एल. राशन कार्ड 2 फोटोकॉपी, अंकसूची 1 फोटोकॉपी न्यूनतम 8वीं उत्तीर्ण, पासपोर्ट साइज की 5 फोटो आवश्यक है। इच्छुक हितग्राही 23 अप्रैल 2025 तक बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में जाकर या प्रतीक साहेब गुप्ता के मोबाईल नम्बर 93402-81974 पर संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# जनप्रतिनिधि फील्ड में उतरकर कर रहे हैं आवास का सर्वेक्षण



**रायगढ़, 22 अप्रैल।** अपर आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा श्री अशोक चौबे एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास के दौरान जिला पंचायत के सभाकक्ष में महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आजीविका विकास गतिविधियों से मनरेगा को जोडने् के निर्देश दिए। बैठक में पीएम आवास योजना ग्रामीण के कार्यपालन अभियंता श्री शिवकुमार सिन्हा, मनरेगा राज्य कार्यालय से तकनीकी विशेषज्ञ श्री विभाष तिवारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, सहायक अभियंता मनरेगा, समस्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा उपस्थित रहे।

अपर आयुक्त श्री चौबे ने महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत वास्तविक मांग के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में आजीविका एवं परम्परागत व्यवसाय को बढ़ाने जैसे कार्यों की आवश्यकता है। डबरी निर्माण में साग-सब्जी, मिनी किट, तालाब निर्माण में मिट्टी परीक्षण कर मछली पालन, पशु शेड निर्माण में गाय पालन के लिए संबंधित लाईन डिपार्टमेंट के सहयोग से लखपती महिला समूह को आगे बढ़ाने एवं हितग्राहीमूलक कार्यों में भी लाईन विभाग के अभिसरण में सहयोग के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखण्ड पुसौर एवं तमनार में नॉन-एनआरएम कार्य किसी भी परिस्थिति में स्वीकृत नहीं किये जाने एवं पुसौर ब्लॉक में घटते जल स्तर को भी दृष्टिगत रखते हुए भूमिगत जलस्तर वृद्धि हेतु कार्य लिये जाने के निर्देश दिए। अपर आयुक्त श्री चौबे ने बैठक के दौरान कहा कि महात्मा गांधी नरेगा के दिशा-निर्देशों एवं प्रावधान के अनुसार मांग के आधार पर स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण किया जाना है इसके लिए प्रयास होना चाहिए कि दैनिक मिट्टी खोदाई कार्यों से आगे बढ़कर आजीविका गतिविधियों से जोड़े जाए।

उन्होंने संगम अभियान के तहत क्लस्टर के अनुसार मॉडल ग्राम पंचायतों के लिए जी.आई.एस.आधारित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। पाईलोट प्रोजेक्ट सभी ब्लॉक के 2-3 पंचायत सुक्ष्मता से कार्यों का चयन कर कार्ययोजना में शामिल किये जाने के निर्देश दिए। महात्मा गांधी नरेगा के लेबर बजट के अनुसार कार्य करने एवं पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ अवश्य रूप से पहुँचे इसके लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

### आवास 2.0 के तहत कोई भी पात्र परिवार लाभ से वंचित न रहे

अपर आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा श्री अशोक चौबे ने रायगढ़ प्रवास के दौरान जिले के जनपद पंचायत-घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत-भेण्ड्रा व कोटरीमाल में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास के साथ-साथ मनरेगा व्यक्तिगत मुर्गीपालन शेड निर्माण एवं कुंआ निर्माण आदि कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आवास 2.0 के तहत कोई भी पात्र परिवार लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने जनपद पंचायत- लैलूंगा अंतर्गत ग्राम पंचायत- झरन में प्रधानमंत्री आवास के साथ-साथ मनरेगा के अमृत सरोवर, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम एवं वृक्षारोपण आदि कार्यों का अवलोकन किया गया, जिसमें उन्होंने कार्यों के प्रति प्रशंसा जाहिर की

# वन मंडल रायपुर की टीम ने आरा मिल सील की

## लकड़ी के अवैध करोबारियों में दहशत, रायपुर उड़नदस्ता प्रभारी दीपक तिवारी ने कहा जारी रहेगी कार्रवाई, किसी को नहीं बख्शा जायेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 22 अप्रैल।** मुखबिर की सूचना के आधार पर वन मंडलाधिकारी रायपुर लोकनाथ पटेल एवं संयुक्त डीएफओ विश्वनाथ मुखर्जी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। अभनपुर में रमेश चंद्र शुक्ला के आरमील में में प्रतिबंधित लकड़ी अर्जुन पाई गई, जिसे जप्त कर लिया गया और मिल को सील कर दिया गया।



इस छापे मार कार्यवाही में प्रमुख रूप से उड़न दस्ता प्रभारी दीपक तिवारी, उप वन क्षेत्रपाल और अभनपुर वन क्षेत्रपाल इसेबल खेश, बीएफओ वसीम, बीएफओ, दुष्यंत, बीएफओ, अमृतपाल सिंह बीएफओ, कुर्रे, बीएफओ बंजारे, बीएफओ रात्रे और विशेष सहयोगी, रिंकू और यशपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे

वन मंडलाधिकारी रायपुर, लोकनाथ पटेल और संयुक्त डीएफओ, विश्वनाथ मुखर्जी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से वन संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी। इस कार्रवाई के लिए टीम को बधाई और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। आपको बता दे की दीपक तिवारी की इस तरह की लगातार कार्रवाई से अवैध लकड़ी माफिआओं में तथा अवैध आरा मिल का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है. रायपुर जिले में दीपक तिवारी के पदस्त होते है अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है वो अपना कारोबार समेटना चालू कर दिया है।

# पहले दिन विशेष शिविर में 104 बच्चों का हुआ आधार पंजीयन



■ 50 ग्राम पंचायतों में 3 दिन चलेगा विशेष शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 अप्रैल।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में हितग्राहियों के लिए आधार पंजीयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। 19 अप्रैल को आयोजित शिविर में कुल 104 बच्चो का नए आधार कार्ड हेतु पंजीयन किया गया वही 187 हितग्राहियो ने आधार कार्ड में अपडेट कराये है। इस विशेष शिविर आयोजन से नये आधार पंजीयन व आधार अपडेशन कराने में ग्रामीणों को साहूलियत हो रही है और उनकी समस्या का समाधान भी हो रहा है।

बताया गया कि विशेष शिविर 19 अप्रैल से प्रत्येक विकासखंड के 10 -10 कुल 50 ग्राम पंचायतो में 3 दिन शिविर लागए जाएंगे। इस शिविर में आधार पंजीयन, अपडेशन व त्रुटि सुधार की कार्यवाही की जा रही है। विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत भवानीपुर शिविर में दीक्षा ढीढी, खुशांस साहु, भुनेश्वर साहु सहित 7 लोगों का नया आधार पंजीयन हुआ वहीं सुनील कुमार, रानी बघेल और निर्मला यादव ने आधार अपडेट कराया।

## एक नजर

### परशुराम प्राकट्य उत्सव 29 को

**सिमगा, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि पर इस वर्ष दो महापर्वो का सयोंग बन रहा है पंचांग अनुसार तृतीया तिथि का प्रारंभ 29 अप्रैल मंगलवार शाम 5:31 से होगा और समापन 30 अप्रैल बुधवार दोपहर 2:10 पर होगा इस दिन लोग भ्रमित हैं कि अक्ति और परशुराम जयंती कब मनाई धार्मिक मान्यता अनुसार भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का प्राकट्य संध्या प्रदोष काल में हुआ था इसलिए 29 अप्रैल की शाम को भगवान परशुराम जयंती मनाई जाएगी वही 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाएगा जो दान पूर्ण और शुभ आरंभ का महापर्व है अक्षय तृतीया के दिन बच्चे मिट्टी के गुड्डा गुड़ियों की शादी करते हैं



### भखारा में हटाया गया अतिक्रमण



**भखारा, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक -13 में खोमचा एवं वार्ड क्रमांक -1 से अतिक्रमण हटाया गया। इस मौके पर भूपेश चंद्राकर तहसीलदार भखारा, उमाकांत तिवारी थाना प्रभारी भखारा, चंद्रप्रकाश साहू राजस्व प्रभारी सहित पूरा स्टॉफ मौजूद रहा।

### पेयजल के लिए टैंकर व नाली सफाई के लिए नालामेन का लोकार्पण



**भखारा, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत भखारा के वरिष्ठ नागरिक मेहतर राम साहू एवं पेंटर सूरज साहू के करकमलों से पेयजल के लिए टैंकर और नालियों की सफाई के लिए खरीदी गई नई नालामेन मशीन की पूजन कर लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद डुमेंद्र गैंगबेल, छबि लाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, अविनाश गौर, भानु गायकवाड़, परदेशी कंवर, जितेंद्र साहू, शोभा साहू, कमलेश साहू सहित नगर के गणमान्यगण उपस्थित रहे।

## जल संचयवाहिनी का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

# जल संचय महाभियान की हर स्तर पर हो सतत् मॉनिटरिंग : कलेक्टर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 अप्रैल।** जल संचय महाभियान अंतर्गत जल संचय वाहिनी का एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण सोमवार को सम्पन्न हुआ। कलेक्टर दीपक सोनी ने ऑनलाइन प्रशिक्षण में शामिल जल संचय वाहिनियों को जल संचय की महत्ता व जल संकट की स्थिति से बचने के उपाय के बारे में जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने जिले में चल रहे जल संचय महाभियान अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जल संचय वाहिनी के कार्य और जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए महाभियान की हर स्तर पर मॉनिटरिंग के निर्देश दिये। इस अवसर पर सम्पर्क केंद्र में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल उपस्थित थीं।

कलेक्टर ने कहा कि पानी बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्षा जल संचयन और पानी के सदुपयोग से जल संकट से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को जल संचय और पानी के सदुपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए जिले में 18 अप्रैल से जल संचय महाभियान शुरू किया गया है जो 15 मई 2025 तक चलेगा। इस दौरान हर ग्राम पंचायत में जल वाहिनी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करते हुए लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। इसके लिए तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।उन्होंने कहा कि जल वाहिनी अपने ग्राम पंचायत के समस्त नलकूपों के पास सोखता गड्ढे का निर्माण, पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने में तकनीकी सहायक और सब- इंजीनियर का सहयोग लें। गांव में कोई भी व्यक्ति टुल्लु पंप से अतिरिक्त पानी का दोहन करता है या पाईप काटकर पानी लेता है उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाएं। टुल्लु पम्प जब्त करें। उन्होंने कहा कि पंचायत के हर वार्ड में जल समस्या का आकलन करें।उन्होंने कहा कि महाभियान के दौरान नहर या एनिकट मरम्मत, गेट सुधार की भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट देना है।महाभियान को जन -जन पहुंचाने के लिए व्यपाक - प्रचार करें। बेहतर प्रदर्शन वाले जल वाहिनी होंगे पुरस्कृत - कलेक्टर सोनी ने जल संचय महाभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल वाहिनी को पुरस्कृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हर सप्ताह जल वाहिनी के कार्यो की समीक्षा करें और 5 बेहतर कार्य करने वाले जल वाहिनी को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित करें। प्रशिक्षण में पीएचई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता, जनपद सीईओ एवं समस्त ग्राम पंचायत के जल वाहिनी सदस्य जुड़े थे।




# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने समर कैंप का किया शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 अप्रैल।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने रविवार को पंडित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में बलौदाबाजार स्पोर्ट्स एसोसियेशन के समर कैम्प का शुभारम्भ किया। अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण पश्चात फीता काटकर समर कैम्प का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर सोनी ने कहा कि यह समर कैम्प बच्चों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। इस कैम्प के माध्यम से बच्चे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने के साथ ही खेल की तकनीक भी सीख सकेंगे। उन्होंने खेल में बालिकाओं की सहभागिता पर जोर देते हुए बालिकाओं को प्रशिक्षित कर खेल का वातावरण तैयार करने कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि समर कैम्प बच्चों को मनोरंजन के साथ अपनी क्षमता और प्रतिभा को निखारने का अवसर देता है। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सकारात्मक भूमिका निभाता है। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज बाजपेयी, सचिव बलराम साहु, राजकमल मिश्रा, डॉ जयनारायण केशरवानी, बी. पी.बघमार, के. के. कश्यप, अमित अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## नवनियुक्त कलेक्टर ने संभाला पदभार

**बालोद, 22 अप्रैल।** बालोद जिले के नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज अपरान्ह संयुक्त जिला कार्यालय में पहुँचकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मिश्रा के संयुक्त जिला कार्यालय पहुँचने पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान अपर कलेक्टर नूतन कंवर, एसडीएम बालोद सुरेश साहू, एसडीएम गुण्डरदेही प्रतिभा ठाकरे झा, एसडीएम डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल, एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर सहित डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, जिला कोषालय अधिकारी मुकुंद भारद्वाज, जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि दिव्या उमेश मिश्रा भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2012 बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे संचालक लोक शिक्षण तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक राज्य शैक्षणिक अनुसंधान परिषद रायपुर में पदस्थ थीं।



# अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 22 अप्रैल।** नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर बालोद जिले को प्रत्येक क्षेत्रों में अग्रणी बनाने हेतु बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करें। मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय में पहुँचने के पश्चात् सर्वप्रथम जिला स्तरीय अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक लेकर जिले में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। नवपदस्थ कलेक्टर ने जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरे लगन एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिससे कि आम जनता एवं समाज के जरूरतमंद तथा अंतिम पंक्ति के लोगों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। कलेक्टर मिश्रा ने बैठक में उपस्थित सभी



अधिकारियों से बारी-बारी से परिचय प्राप्त कर उनके विभागीय कार्यो के संबंध में जानकारी ली। नवपदस्थ कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जिलाधीश के रूप में पहली बार उन्हें कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में राज्य शासन की विशेष प्राथमिकता वाले एवं महत्वाकांक्षी कार्य सुशासन तिहार का जिले में सफ्लतापूर्वक संपादन सुनिश्चित करना हम सभी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को सुशासन तिहार के दौरान अपने-अपने विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर उनके समुचित निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शासकीय कार्यों एवं योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन करने के साथ-साथ सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य अतिआवश्यक सेवाओं का लाभ सुनिश्चित कराना उनके विशेष प्राथमिकता में शामिल है। इसके अलावा उन्होंने जिले में शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाने हेतु कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस दिशा में संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं अन्य जिम्मेदार लोगों से सुझाव लेकर कार्य किया जाएगा।

## विधि संकाय में वैकल्पिक विवाद समाधान पर सेमिनार का आयोजन

# लोक अदालत विवादों के समाधान का बेहतर माध्यम : दुर्गेश प्रसाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 22 अप्रैल।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के विधि संकाय में प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार पाठक के निर्देशन तथा विधि विभाग अध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद डॉ. सपना ताम्रकार, कोमल प्रसाद यादव तथा गायत्री लहरे के मार्गदर्शन में विधि भाग दो सेमेस्टर 2 के विद्यार्थियों ने विषय-वैकल्पिक विवाद समाधान के अंतर्गत सेमिनार का प्रस्तुतीकरण किया।



सर्वप्रथम विधि विभाग अध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद ने कहा लोक अदालत विवादों के समाधान का बेहतर माध्यम है, इससे विवादों का निपटारा बहुत ही सरल और आसानी से हो जाता है। विधि विद्यार्थी कामेश ने कहा लोक अदालत में निष्पक्ष एवं सरल न्याय प्रदान होता है, झरना ने कहा कि लोक अदालत का प्रथम आयोजन गुजरात के जूनागढ़ जिले में हुआ। इसके प्रणेता माननीय न्यायाधीश पी. एम. भगवती थे।

निधि पटेल ने विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी, धनेंद्र ने कहा विधिक सेवा प्राधिकरण निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है ऋषि दुबे ने कहा कि न्यायालय की प्रक्रिया से हटकर जब विवादों का समाधान करते हैं तो उसे वैकल्पिक विवाद समाधान के तहत निपटारा कहते है।

ममता साहू ने कहा आपसी सहमति से विवादों का निपटारा होता है पेयंका देवांगन ने कहा कि समाज के निर्धन वर्गों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य है। संकल्प शर्मा न होने मध्यास्थम तथा सुलह अधिनियम के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। समीर जैन ने कहा छोटे विवादों का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से होता है, तनुज कुमार सिन्हा ने कहा कानूनी जागरूकता बढ़ाने हेतु कानूनी शिविर की निरंतर आवश्यकता है जिससे लोगों को लोक अदालत की विषय में जानकारी मिल सके।

अमोघ दीवान ने कहा विवादों के समाधान के विभिन्न माध्यम है जैसे मध्यास्थम, वार्ता एवं सुलह इत्यादि इस अवसर पर विधि भाग दो के विद्यार्थी उपस्थित रहे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202503092100028
अ/2 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अशोक लाउत्रे पिता कालुराम लाउत्रे, उम्र 52 वर्ष जाति महार, निवासी आम्बेडकर वार्ड नं 9 डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) में ख.नं. 679/32 रकबा 0.03 एकड़ 0.012 हे. भूमि स्थित है। आवेदक उपरोक्त ख.नं. 679/32 रकबा 0.03 एकड़ 0.012 हे. भूमि को अपने आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तीत करवाना चाहता है। आवेदक द्वारा ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) में ख. नं. 679/32 रकबा 0.03 एकड़ 0.012 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा बी-1. विक्रयपत्र की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 09/05/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202504142400009
/अ-2/2024-25
साकिनः-तारसगांव, प.ह.नं.-20

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक चन्द्रभान पोया पिता स्व. गोवर्धन पोया, जाति गोंड़, निवासी ग्राम तारसगांव, तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम तारसगांव, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 430/1, 430/4 कुल रकबा 0.04 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 30.04.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202504142400021
/अ-2/2024-25
साकिनः-कोटतरा, प.ह.नं.-17

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक रूपेन्द्रपाल पिता रामलाल जाति हल्बा निवासी ग्राम कोटतरा, तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम कोटतरा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1152/1 में से रकबा 0.02 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 05.05.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 21.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
संदर्भ : जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD202425430104800140

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी जयसिंग पिता/पति-पिता श्री राम लोधी पता- मरोदा सेक्टर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 83/9(0.0100), 83/6(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विक्रम लिल्हारे पिता/पति-जयसिंग पता-प्लॉट नं. 55, मैत्रीकुंज, रिसाली, पूजा उरोडे पिता/पति-जयसिंग पता-प्लॉट नं. 55, मैत्रीकुंज, रिसाली, विशाल लिल्हारे पिता/पति-जयसिंग पता-प्लॉट नं. 55, मैत्रीकुंज, रिसाली के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार Prafull Kumar Gupta तहसील दुर्ग

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सुकमा**

निविदा क्रमांक/01/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2025 — सुकमा, दिनांक : 15/04/2025

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से सुकमा जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, आश्रम एवं छात्रावासों में पेयजल व्यवस्था हेतु **150 मि.मी.** व्यास के **115** मी. गहरे नलकूप खनन कार्य कर सबमर्सिबल पावर पंप प्रदाय कर स्थापना कार्य (अन्य समस्त फिटिंग कार्य सहित) हेतु निविदायें छत्तीसगढ़ में 'डी' या उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 01.05.2025 तक आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्रमांक | नलकूपों की संख्या | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रू. | आवेदन की अंतिम तिथि 28.04.2025 निविदा क्रय करने की तिथि- 29.04.2025 एवं निविदा खोलने की तिथि- 02.05.2025 प्रपत्र का मूल्य-750.00 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09 | 17.28 | 12960.00 | |
| 2 | 08 | 15.36 | 11520.00 | |

यह संक्षिप्त निविदा है, विस्तृत निविदा एवं निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सुकमा

जी-252600360/4

## एक नजर

### कल्पना योगेश तिवारी का सम्मान



**रायपुर, 22 अप्रैल।** बेमेतरा जिले के ग्राम बोरिया में आयोजित दो दिवसीय बोरियारंग महोत्सव एवं मड़ई मेला में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस भव्य आयोजन में बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए और आयोजन समिति के लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी का समाजसेवी के रूप में सम्मान किया । आयोजन समिति के लोगों ने कहाँ और कल्पना योगेश तिवारी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई, बल्कि अपनी उपस्थिति से ग्रामीणों और आयोजकों में नई ऊर्जा का संचार किया। ईसके लिये आयोजन समिति के संयोजक पद्मश्री राघेशयाम बारले अभार प्रकट किया और इस भव्य आयोजन में कल्पना योगेश तिवारी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें सम्मानित करने के लिए महिलाओं की लंबी लाइन लगी रही।

### प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन



**रायपुर, 22 अप्रैल।** सुबह 12 बजे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन विधायक सुनील सोनी ने फीता काटकर किया । जन औषधि केन्द्र खुलने का समय सुबह 9 बजे से 3 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। इस केंद्र के खुलने से आसपास के लोगों को जेनेरिक दवाई सस्ते में उपलब्ध होगी। श्री सोनी ने कहा कि मोदी जी का विजन है कि हर शहर के कोने कोने में हर वार्ड में , गांव तक जेनेरिक दवाओं की पहुंच हो ताकि लोगों को सस्ते दर पर दवाइयां उपलब्ध हो सकें। कोई भी मरीज महंगी दवाइयों के कारण उपचार से वंचित न रहें अच्छे स्वास्थ से निरोगी समाज का निर्माण होता है। विधायक सोनी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना में पूरे परिसर का साफ सफाई , मेडिकल सुविधा , डॉक्टर रूम , नर्सिंग स्टाफ , एवं पूरे परिसर का अवलोकन करने के साथ किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसका जल्दी समाधान करने का आश्वासन दिया।

### शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह 29 अप्रैल तक



**रायपुर, 22 अप्रैल।** स्थानीय रामलीला चौक खम्हारडीह (शंकर नगर) में कथा वाचक हलधर नाथ योगी (पुजारी महाराज) ग्राम कोपरा राजिम के सानिध्य में आज से 29 अप्रैल तक भक्तिमय कथा प्रसंग का 8 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। आयोजक गण दिनेश साहू ने बताया कि 22 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा शाम 4 बजे निकाली जाएगी। 23 को शिव कथा महात्म, 24 को शिव प्राकट्य कथा, 25 को कुबेर जन्म कथा, 26 को सोमवार व्रत कथा, 27 को शिव पार्वती विवाह कथा, 28 को गणेश जन्म कथा ( शोभा यात्रा), अंतिम दिन 29 को गीता,हवन, पूर्णाहुति के साथ महा प्रसादी का वितरण भक्तों जनों को किया जायेगा. साथ ही साथ प्रसंग में प्रतिदिन जो भी भक्तगण पार्थिव शिवलिंग अभिषेक करवाना चाहते है वे करवा सकते है। कथा प्रतिदिन शाम 3 बजे से प्रारंभ हो कर रात्रि 6 बजे समापन होगा।

### इंडियनऑयल को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड

**रायपुर, 22 अप्रैल।** इंडियनऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रमुख एक्स्ट्रापॉवर फ्लीट कार्ड लॉयल्टी प्रोग्राम को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन - बिज़नेस प्रोसेस ट्रांसफॉर्मेशन श्रेणी में स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 100वें स्कॉच समिट के दौरान प्रदान किया गया, जो इंडियनऑयल द्वारा परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए नवाचार और ग्राहक-केंद्रित डिजिटल समाधान उपलब्ध कराने के प्रयासों को मान्यता देता है। इस प्रोग्राम ने फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए ईंधन प्रबंधन के तरीके को एक सुरक्षित, सुगम और तकनीक-सक्षम मंच के माध्यम से पूरी तरह से बदल दिया है। यह पुरस्कार श्री समीर कोचर, अध्यक्ष, स्कॉच डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा इंडियनऑयल की टीम को प्रदान किया गया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर, 22 अप्रैल।** ग्राम मजीठा में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक डागेश्वर वर्मा 20 वर्ष ग्राम करमा का रहने वाला था।

# बालश्रम पर रोक लगाने छापेमारी अभियान में तेजी लाने के निर्देश



**रायपुर, 22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने कार्यकाल के दूसरे ही दिन बाल श्रम की रोकथाम हेतु प्रदेश के समस्त जिलों में छापामार कार्रवाई किये जाने के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश जारी किये। उन्होंने 08 बिन्दुओं पर सुनियोजित तथा कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश श्रम विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सर्व कलेक्टर तथा जिला पुलिस अधीक्षकों को दिए हैं। डॉ. वर्णिका शर्मा द्वारा पत्र में कहा है कि बाल श्रम की रोकथाम कोई एक दिवस की प्रक्रिया नहीं है अपितु यह एक सतत् प्रक्रिया है। संपूर्ण प्रदेश के समस्त जिलों में अप्रैल 2025 से प्रारंभ कर प्रत्येक 03 माह में प्रदेश व्यापी सात दिवसीय छापामारी अभियान चलाया जावे। छापेमारी की कार्यवाही हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई जिला पुलिस प्रशासन/संबंधित थाना क्षेत्र प्रशासन को शामिल करते हुए दल बनाया जाए तथा देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बाल श्रमिकों को आवश्यक होने पर यथाशीघ्र बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जावे। इसके साथ ही उन्होंने उक्त छापेमारी अभियान के दौरान समय-समय पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर जारी किये गये समस्त आदर्श क्रियान्वयन प्रक्रियाओं का पालन किये जाने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होनें निर्देशों में यह भी कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस दिनांक 12 जून 2025 को सार्थक बनाते हुए प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर के समक्ष श्रम विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा बालश्रम की रोकथाम के संबंध में स्थिति का प्रस्तुतीकरण किया जाये। उन्होंने विभाग को यह भी अनुशंसा की है कि बाल श्रमिक के पाये जाने पर आम नागरिकों द्वारा इसकी सूचना श्रम विभाग को सुलभ रूप से देने के लिए श्रमायुक्त कार्यालय या राज्य मुख्यालय में एक टोल फ्री नंबर की सेवा को आरंभ किया जावे व आरंभ हो,तो उसे सक्रिय रखा जावे। बाल श्रम के मूल कारणों को ध्यान में रखते हुए उन्होनें यह भी लेख किया है कि बचाव किये गये संबंधित बालक के परिवार के आय उपार्जन हेतु उनके परिवार को तत्काल रोजगार उपलब्ध कराया जाये जिसके लिए जिला कलेक्टोरेट में एकल खिड़की व्यवस्था लागू करने की भी अनुशंसा की है।

# छत्तीसगढ़ में गर्मी का कहर, चलेगी लू



**रायपुर, 22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है. दिन और रात घरों में कूलर-एसी चल रहे हैं. आने वाले दिनों में लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. मौसम विभाग ने तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना जताई है. अगले 48 घंटों में 1-2 डिग्री की वृद्धि हो सकती है. मौसम विभाग ने इस मौसम के बदलाव के पीछे पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिकाओं का प्रभाव होना बताया है.

पिछले 24 घंटों में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई. वहीं उत्तरी छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर लू चली. सोमवार को प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस रायपुर में दर्ज किया गया. सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया. मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. वहीं एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पश्चिम राजस्थान से पूर्वी बांग्लादेश तक फैली हुई है, जो हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश, झारखंड और गंगा के मैदान वाले पश्चिम बंगाल से होकर गुजरती है. यह द्रोणिका समुद्र तल से लगभग 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई तक विस्तारित है. इसके अलावा एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका उत्तर छत्तीसगढ़ से मन्नार के खड़ी तक तेलंगाना रायल सीमा और तमिलनाडु होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. प्रदेश में आज मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना जताई गई है.

# जीवन में चुनौतियों का सामना जरूरी: मेयर



**रायपुर, 22 अप्रैल।** गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनल चौबे थी। अध्यक्षता अमरजीत सिंह छाबड़ा अध्यक्ष राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने की। अजय तिवारी अध्यक्ष प्रबंध समिति, अनिल तिवारी महासचिव प्रबंध समिति, सुरेश शुक्ला आयुक्त राज्य स्काउट गाइड एवं डॉ देवाशीष मुखर्जी प्राचार्य महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय डॉक्टर योगेंद्र राजपूत आचार्य अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे ने कहा की प्रत्येक विद्यार्थी में एक आवश्यक गुण होता है जिसकी पहचान कर स्वयं का विकास करें, पैसे से ज्ञान खरीद नहीं जा सकता। मेहनत से ज्ञान अर्जन किया जाता है, उनका कहना था कि जीवन में आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करें तभी शिखर पर पहुंच सकेंगे। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि वे महंत कॉलेज के विद्यार्थी रहे हैं और आज मंच में अतिथि के तौर पर पहुंचकर काफी सम्मानित महसूस कर रहे हैं उन्होंने मंच से ऐलान किया की राज्य अल्पसंख्यक आयोग से मिलने वाली राज्य शासन की सभी सुविधाएं महाविद्यालय के अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजन में प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय का विश्वविद्यालय स्तर पर परिणाम सर्वोच्च रहा है यह यहां की अध्ययन शैली को रेखांकित करता है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और अन्य छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वह भी प्रतिस्पर्धा में शामिल होकर विजेता बने। अनिल तिवारी ने कहा की वर्ष 1998 से महाविद्यालय निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और यहां के पढ़ने वाले विद्यार्थी प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी ने बताया कि 98 विद्यार्थी से महाविद्यालय की शुरुआत हुई थी और आज 2000 विद्यार्थी अध्यनरत हैं।

## गर्मी में स्कूल बंद करने सीएम को पत्र

**रायपुर, 22 अप्रैल।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आज छत्तीसगढ़ की राजधानी सहित समस्त जिलों में संचालित निजी एवं शासकीय विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से गर्मी में बंद किये जाने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को पत्र प्रेषित किया। उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में तापमान 44 डिग्री के ऊपर पहुँच चुका है, इस स्थिति में स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं उनके स्वास्थ्य पर बहुत गंभीर प्रभाव भी पड़ सकता है। इसलिए स्कूल को गर्मी तक बन्द किये जाना अत्यंत आवश्यक है। विकास उपाध्याय ने साथ ही पत्र में प्रतिलिपि के माध्यम से कलेक्टर को भी इसकी सूचना दी है।

# दिव्यांग बच्चों को स्टेशनरी का वितरण



**रायपुर, 22 अप्रैल।** वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन के संस्थापक रायपुर के पूर्व महापौर स्वर्गीय श्री संतोष अग्रवाल की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन के द्वारा दिव्यांग बच्चों के स्कूल - कॉलेज कोपलवाणी में जाकर स्टेशनरी वितरीत की गई । बच्चों के साथ स्वर्गीय संतोष अग्रवाल की पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर सिंघानिया परिवार के द्वारा स्कूल परिसर में ही प्रसादी वितरण किया गया । इस अवसर पर परिवार के सदस्यों,स्कूल के बच्चों और वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन के साथियों ने एक साथ भोजन परसादी ग्रहण की। पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेश सिंघानिया, अरुण सिंघानिया, कन्हैया अग्रवाल ,आनंद सिंघानिया,उमेश गुप्ता, अशोक गुप्ता अशोक वैश्य, ऋषि गुप्ता, शरद गुप्ता ,मुकुंद काग़देलवर राजेश त्रिवेदी,प्रतीक अग्रवाल,शशि बागड़ी ,रविकांत यादव ,पूजा अग्रवाल सहित संगठन और परिवार के सदस्य शामिल हुए । कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वर्गीय संतोष अग्रवाल ग्रोथ अकादमी की स्थापना, परिसर में कोपलवाणी संस्था के संचालन और स्व संतोष जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।

# 8.50 लाख का फूटा चना लेकर ट्रांसपोर्टर फरार, एफआईआर दर्ज

**रायपुर, 22 अप्रैल।** राजधानी रायपुर में एक व्यापारी के साथ फूटा चना फ्रॉड हो गया. अब इस व्यापारी ने एफआईआर दर्ज कराई है और पूरे मामले की जांच रायपुर की विधानसभा थाना पुलिस कर रही है. ग्राम जरौदा, थाना विधानसभा क्षेत्र में स्थित एच.एंड एस. फूड्स फर्म के मालिक संतोष राजपाल ने ट्रक ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर पर 8.54 लाख रुपये मूल्य के 383 बैग फूटा चने (114.90 क्विंटल) लेकर फरार होने का आरोप लगाया है. इस मामले में विधानसभा थाने में शिकायत दर्ज की गई है, और प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. शिकायतकर्ता संतोष राजपाल ने पुलिस को बताया कि उनकी फर्म एच.एंड एस. फूड्स ने 1 अप्रैल 2025 को दोपहर 4ः05 बजे 383 बैग फूटा चना, जिसकी कीमत 8,54,240 रुपये थी, ट्रक नंबर ॥क्क 63 स्न 3638 में लोडकर ओजस्व ट्रेडर्स, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश भेजा था. ट्रक को ट्रांसपोर्टर एम.पी. रायपुर रोड कैरियर (कबीर नगर, गेट नंबर-2, हीरापुर, रायपुर) के माध्यम से भेजा गया, और इसका ड्राइवर सैयद फरहात हुसैन रिजवी था. ट्रक को प्रतापगढ़ पहुंचने में देरी होने पर संतोष राजपाल ने 4 अप्रैल को ओजस्व ट्रेडर्स से संपर्क किया, जिन्होंने बताया कि ट्रक अभी तक नहीं पहुंचा. इसके बाद प्रार्थी ने ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन दोनों के फोन बंद थे. जांच में पता चला कि ट्रांसपोर्टर के दिए गए पते पर कोई ऑफिस मौजूद नहीं है, और ड्राइवर ने भी अपना फोन बंद कर लिया है.

**ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर ने मिलकर की साजिश!**-प्रार्थी का आरोप है कि ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर ने एक साजिश के तहत 383 बैग चने, जिसका कुल वजन 114.90 क्विंटल और कीमत 8,54,240 रुपये है, को गबन कर लिया और फरार हो गए. शिकायत में कहा गया कि दोनों ने जानबूझकर संपर्क तोड़ लिया और माल को गंतव्य तक नहीं पहुंचाया. संतोष राजपाल ने 21 अप्रैल 2025 को विधानसभा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसमें ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई. पुलिस ने प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर मामला पंजीबद्ध कर लिया और विवेचना शुरू कर दी है.

# साईं दरबार का वार्षिकोत्सव 26 से





**रायपुर।** शिर्डी साईं दरबार, महादेवघाट रोड, रायपुरा का 26वां स्थापना दिवस वार्षिक उत्सव के रूप में 26 से 28 अप्रैल तक मंदिर परिसर में आयोजित किया जागए। मंदिर समिति के दीपक शर्मा ने बताया कि साईं दरबार (द्वारका माई) में विराजित साईं बाबा की शोभायात्रा 26 अप्रैल को शाम चार बजे साईं दरबार रायपुरा से निकलेगी। शोभायात्रा वापस साईं दरबार आएगी। शाम सात बजे बाबा की पालकी रायपुर निवास से साई दरबार के लिए निकलेगी। 27 अप्रैल को सुबह साढ़े आठ बजे श्री साईं सच्चरित्र का पाठ एवं शाम सात बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 28 अप्रैल को सुबह नौ बजे गुरुदेव की पादुका पालिका रायपुरा निवास से साईं दरबार के लिए निकलेगी। दोपहर एक बजे सत्यनारायण कथा एवं हवन-पूजन होगा। शाम सात बजे सूफी गायक पद्मश्री मदन चौहान भजन पेश करेंगे। रात्रि साढ़े आठ बजे गुरुदेव की पालकी की वापसी होगी। रात्रि साढ़े दस बजे बाबा की पालकी की वापसी होगी।

**पद्मश्री मदन चौहान का भजन 28 को**

शर्मा ने बताया कि समस्त आरतियां यथावत समय पर होगी। प्रतिदिन मध्यान्ह आरती एवं धूप आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि साईं दरबार पवित्र खारुन नदी के तट पर सुरम्य व शांत वातावरण में स्थित है। इस मंदिर की खास बात यह है कि यहां शिरडी से लाई गई अखंड ज्योति व धुनी की अग्नि अनवरत प्रज्जवलित है। इस मंदिर में गुरुदेव चन्द्रभानु सतपथी महाराज समय-समय पर उपस्थित होकर दर्शन देते हैं। साईं भक्तों के सहयोग से खंजाची परिवार पुरानी बस्ती मंदिर व बाबा की सेवा में लीन हैं।

# कांग्रेस इतिहास के सबसे असफल नेता राहुल गांधी: अरुण साव

**रायपुर, 22 अप्रैल।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज रायपुर निवास में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि, विदेशों में जाकर देश का अपमान करना कांग्रेस नेताओं की आदत हो गई है। यह बहुत दुर्भाग्यजनक है, इसीलिए कांग्रेस की लगातार हार हो रही है। श्री साव ने कहा कि, कांग्रेस ने अपने निजी स्वार्थों के लिए संविधान को बदलकर तार-तार किया, एक परिवार के हित के लिए संविधान की अवहेलना की, कांग्रेस ने आजादी के बाद देशवासियों के साथ अन्याय किया। आज वे न्याय यात्रा निकाल रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, उनके नेता ने भारत जोड़ो और न्याय यात्रा निकाला, इसके बावजूद कांग्रेस की दुर्दशा हुई। वहीं एक बार फिर राहुल गांधी विदेश जाकर भारत को अपमानित करने का काम किया है। विदेश में जाकर चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे हैं। और उसी कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद जश्न मनाया, तब उन्हें चुनाव आयोग पर अविश्वास नहीं हुआ। साव ने कहा कि, वे हरियाणा में हार गए और जम्मू-कश्मीर में जीत गए, इसी तरह महाराष्ट्र में हार गए, झारखंड में जीत गए तो महाराष्ट्र में हारने पर चुनाव आयोग को दोष दे रहे हैं। झारखंड में गठबंधन को जीत मिलने पर चुप है। ये लोग समय-समय पर अपना हित लेकर बयान बदलते रहते हैं। सच्चाई यह कि, वे अपनी कमजोरी, कमी, विफलता को स्वीकार करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाते हैं। साव ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आदिवासियों के हिन्दू होने से इनकार करने और उनके आरक्षण समाप्ति के झूठे आरोप को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस नेताओं ने देश में संविधान के नाम पर भ्रम फैलाने का काम किया है। अब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल भी वहीं कर रहे हैं। उन्हें मालूम नहीं है कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कोई प्रावधान नहीं है।

# रामटेके का शोध भावी पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक

**रायपुर, 22 अप्रैल।** डॉ.टी.आर. रामटेके के पीएच.डी. के शोधग्रंथ छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला का विमोचन छ.ग. के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया। सुशील अग्रवाल सुशील त्रिवेदी-सेवानिवृत्त आई.ए.एस. एवं आचार्य रमेन्द्रनाथ मिश्र-पूर्व विभागाध्यक्ष इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व पं. रविशंकर शुक्ल, विश्वविद्यालय, डॉ. रतनलाल डांगी-पुलिस महानिरीक्षक, प्रो. आभा रूपेन्द्र पाल, डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र, डॉ. के.के. अग्रवाल, राहुल कुमार सिंह, जी.एल. रायकवार, आचार्य अमरनाथ त्यागी साहित्यकार आदि इस अवसर पर मौजूद थे। विमोचन समारोह का शुभारंभ आयुष्मान शेखर बौद्ध द्वारा किया गया। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने कहा डॉ. रामटेके द्वारा किया गया यह महान शोध कार्य राज्य की भावी पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन करेगा।

अपने अथक परिश्रम से एक सिविल इंजीनियर रहते हुए बड़े कलात्मक रूप से छ.ग. के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला की विवेचना किया और आम आदमी को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक एवं पुरातत्विक विरासत से परिचित करवाया। सांसद ने कहा कि संस्कृति मंत्रालय के मंत्री के रूप में रहते हुए छत्तीसगढ़ के पुरातात्विक धरोहरों को निकट से समझने एवं उनकी सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।

# तामसी प्रवृत्ति को रोकना, सतोगुण को बढ़ाना जरूरी: झम्मन



**रायपुर, 22 अप्रैल।** सब लोगों के हित में सोचने वाला ही सच्चा राजनीतिज्ञ होता है। लेकिन आज की राजनीति दूषित हो चुकी है। राजनेता ऐशो आराम से रहते हैं और जनता तकलीफ में है। भागवत कथा इतिहास का बखान करने वाला सबसे उन्नत ग्रंथ है।वर्तमान समय में तमोगुण बढ़ रहा है। तामसी प्रवृत्तियों को रोकने तथा सतोगुण को बढ़ाना होगा। रात्रि में सोते तक हाथ में मोबाइल होता है यदि इसे छोड़कर प्रभु सुमिरन करते सोएं तो नींद अच्छी आयेगी और बुरे सपने भी परेशान नहीं करेंगे। रायपुरा अग्रोहा कालोनी विष्णुमंगलम में श्रीमद् भागवत कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कथाव्यास आचार्य झम्मन शास्त्री ने बताया कि आज देश की सुरक्षा के लिए जवानों पर करोड़ो रुपए खर्च किए जाते हैं । जबकि श्री रामचंद्र की सेना में शामिल सैनिकों ने भावनात्मक रूप से जुड़कर लंका जीत लिया। संस्कार और वचनों का क्रियान्वयन की सीख राजा दशरथ से लेनी चाहिए। जिन्होंने राजा जनक के भेजे हुए दहेज को गलत मानकर स्वीकार नहीं किया । रात्रि मे सोने से पहले मोबाइल छोड़कर भगवान को पकड़ लिया जाए। तो अच्छी नींद आएगी खराब सपना परेशान नहीं करेंगे। भगवान को तुलसी दल चढ़ाने को भी लोग कतराते हैं। यही कारण है कि उनके बच्चे दूध, मक्खन, रबड़ी ,मलाई का स्वाद नहीं जानते। जब तक बच्चों को संस्कार नहीं देंगे तब तक आकार भी नहीं बनेगा। बच्चों को अच्छी संस्कार प्रदान करें नहीं तो तकलीफें बढ़ती रहेंगी। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में तमोगुण बढ़ रहा है। तामसी प्रवृत्तियों को रोकने तथा सतोगुण को बढ़ाना होगा। सात्विक आहार के सेवन से काम, क्रोध ,लोभ, मोह ,ईर्ष्या, द्वेष ,कलह रूपी दोष दुर्गुणों से विजय प्राप्त कर सकते हैं। शास्त्री जी ने इस अवसर पर भगवान के विविध लीलाओं का चिंतन कराते हुए कहा कि सनातन धर्म में पंचदेव उपासना का विधान है। एक ही भगवान के कई रूपों में अवतार होता है ।इससे भक्तों को उपासना करने में सुगमता होती है। तत्वता परमात्मा एक ही है । नाम ,रूप ,लीला ,धाम के भेद से कई रूपों में दर्शन प्रदान कर भक्तों के ऊपर अनुग्रह करते हैं ।भगवान के तीन रूप है ।निर्गुण निराकार ,सगुण निराकार ,और सगुण साकार सगुण साकार रूप से ध्यान पूजा आराधना करते-करते मन और चित्त की चंचलता समाहित हो जाए तो निर्गुण ब्रह्म का ध्यान संभव हो सकता है। क्योंकि मन बहुत चंचल है। रसिक भी है । उसे वश में करने के लिए सुमधुर नाम रूप का आलंबन लेकर वश मे सकते है । इसलिए भक्तों में भगवान के हजारों नाम से सहस्त्रार्चन करने की परंपरा है। भगवान तो एक ही है कार्य भेद से पांच बनकर भी एक ही रहते हैं।

# यूपीएससी में छग की पूर्वा अग्रवाल को 65वीं रैंक, मानसी और केशव भी सफल



**रायपुर 22 अप्रैल।** बिलासपुर की रहने वाली पूर्वा अग्रवाल ने इस बार 65वीं रैंक हासिल की है। इससे पहले PSC CSE 2023 में वे IPS चयनित हुई थी, उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला था। तब उन्हें 2023 में 189वीं रैंक मिली थी। लगातार दो बार सफलता प्राप्त करना पूर्वा की मेहनत और समर्पण को दर्शाता है। बस्तर के जगदलपुर की होनहार छात्रा मानसी जैन ने भी बाज़ी मारी है और 444वीं रैंक हासिल कर अपने जिले और पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। वहीं सरगुजा संभाग के अंबिकापुर में पढ़ाई कर चुके नालंदा के छात्र केशव गर्ग को 496वीं रैंक मिली है। उनका प्रदर्शन भी सराहनीय है और उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों में रहकर भी मजबूत रणनीति से UPSC जैसी कठिन परीक्षा को पास किया जा सकता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26